● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 271, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 16 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



यह तो देश का इतिहास रहा है : फडणवीस 5

अंशुल कम्बोज ने एक पारी में 10 विकेट लिये 6



## जनजातीय गौरव दिवस, इतिहास के एक बड़े अन्याय को दूर करने का है ईमानदार प्रयास : पीएम

### भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध जनजातीय समाज को किया खड़ा : डॉ. यादव

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे देश में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी जा रही है। जनजातीय गौरव दिवस इतिहास के एक बहुत बड़े अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास है। आजादी के बाद जनजातीय वर्ग के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं दिया गया, जिसके लिये वे हकदार थे। जनजातीय समाज वो है, जिसने राजकुमार राम को भगवान बनाया। भारत की संस्कृति और आजादी के रक्षा के लिये सैकड़ो वर्षों की लड़ाई का नेतृत्व दिया। आजादी के बाद के दशकों में जनजातीय वर्ग के अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिश की गई। इसके पीछे स्वार्थ भरी राजनीति थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज के समग्र



सिकलसेल उन्मूलन मिशन जनजाति कल्याण का महाभियान : राज्यपाल

कल्याण के लिये अनेक योजनाएँ संचालित कर उनके आर्थिक और सामाजिक विकास का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर बिहार जिले के जमुई में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर 6 हजार करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। इसमें जनजातीय वर्ग के बच्चों के भविष्य को संवारने वाले स्कूल और हॉस्टल, जनजातीय वर्ग की महिलाओं के लिये स्वास्थ्य सुविधा, जनजातीय क्षेत्रों को जोड़ने वाली सैकड़ों किलोमीटर की सड़कें, जनजातीय वर्ग की संस्कृति को समर्पित संग्रहालय एवं जनजातीय वर्ग के डेढ़ लाख परिवारों को पक्के घर के स्वीकृति पत्र वितरित किये गये हैं। साथ ही आज देव दीपावली के दिन 11 हजार से अधिक जनजातीय परिवारों को अपने घर में प्रवेश कराया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा के श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय एवं जबलपुर के राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह स्वंतत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का वर्चुअली लोकापर्ण किया।

मध्यप्रदेश के शहडोल जिला मुख्यालय पर आयोजित राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण श्री रामलाल रोतेल सहित जन-प्रतिनिधि मौजूद रहे। राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों का स्वागत जनजातीय परंपरा अनुसार किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश में जनजातीय कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। पीएम जन मन योजना और सिकल सैल उन्मूलन मिशन, जनजाति कल्याण का महाभियान है। इस महाभियान में राज्य सरकार द्वारा जनजाति कल्याण के बेहतरीन कार्य किए जा रहे हैं।

## कांग्रेस ने अपने वादे पूरे नहीं किए : शाह

**यवतमाल**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्धव ठाकरे और शरद पवार जैसे नेताओं के विरोध के बावजूद वक्फ अधिनियम में संशोधन करेंगे। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के उमरखेड़ में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, %प्रधानमंत्री मोदी वक्फ बोर्ड कानून बदलना चाहते हैं, लेकिन उद्धव ठाकरे, शरद पवार और सुप्रिया सुले इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उद्धव जी, ध्यान से सुनिए, आप सभी जितना चाहें विरोध कर सकते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी वक्फ अधिनियम में संशोधन करेंगे। अमित शाह ने कहा कि 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में दो खेमे हैं, एक पांडव जिसका प्रतिनिधित्व भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति कर रही है और दूसरा कौरव जिसका प्रतिनिधित्व महा विकास अघाड़ी कर रही है। उद्धव ठाकरे का दावा है कि उनकी शिवसेना असली है। क्या असली शिवसेना औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने के खिलाफ जा सकती है? क्या असली शिवसेना अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के खिलाफ जा सकती है? असली शिवसेना भाजपा के साथ खड़ी है।

उन्होंने आगे कहा, राहुल बाबा कहते थे कि उनकी सरकार लोगों के खातों में तुरंत पैसे जमा करेगी। आप हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना में अपने वादे पूरे नहीं कर पाए। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने वादा किया है कि लड़की बहन योजना के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और दुनिया की कोई भी ताकत इसे हमसे नहीं छीन सकती।

वहीं उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वीर सावरकर और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के बारे में अच्छे शब्द बोलने की चुनौती दी। अमित शाह ने हिंगोली में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, उद्धव जी, अगर आपमें हिम्मत है तो राहुल बाबा से वीर सावरकर और बालासाहेब के बारे में दो अच्छे शब्द बोलवाएं। अमित शाह ने कहा, राहुल बाबा की कांग्रेस पार्टी ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाने के लिए प्रस्ताव पारित किया है। राहुल बाबा, ध्यान से सुनिए, आप ही नहीं, आपकी चौथी पीढ़ी भी अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकती।

## दुश्मनों के खिलाफ एकजुट हों भारतीय : गडकरी

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने योगी आदित्यनाथ के नारे बटेंगे तो कटेंगे का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस नारे का गलत मतलब नहीं निकालना चाहिए और देश के दुश्मनों और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। गडकरी ने ये भी दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में महायुति गठबंधन की सरकार सत्ता में वापसी करेगी।



नितिन गडकरी ने कहा कि हमारी पूजा पद्धति अलग हो सकती हैं, कुछ लोग मंदिर जाते हैं तो कुछ मस्जिद और कुछ गिरिजाघर, लेकिन आखिर में तो हम सब भारतीय हैं। हमें बटेंगे तो कटेंगे नारे का गलत मतलब नहीं निकालना चाहिए बल्कि आतंकवाद और देश के दुश्मनों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। सभी भारतीयों को एकजुट होना चाहिए और ये किसी को बांटने के लिए नहीं है, लेकिन दुख की बात है कि लोग इसका गलत मतलब निकाल रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ के नारे को लेकर नेताओं के अलग-अलग मत गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक जनसभा के दौरान ये नारा दिया था, जिसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। कई नेताओं ने योगी आदित्यनाथ के नारे का समर्थन किया है तो कई नेता ऐसे भी हैं, जो योगी के नारे को भड़काऊ और लोगों को बांटने वाला बता रहे हैं। नितिन गडकरी ने आगामी विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया। गडकरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान अलग माहौल था, लेकिन अब विधानसभा चुनाव में शिव सेना और कांग्रेस के विचार मेल नहीं खा रहे हैं।

## दिल्ली में हवा बेहद जहरीली, 5वीं तक स्कूल बंद

**दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण गुरुवार को बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। यहां 39 पॉल्यूशन मॉनिटरिंग स्टेशंस में से 32 ने एयर क्वालिटी इंडेक्स को गंभीर बताया है। इस हवा में सांस लेना भी मुश्किल होता है। यहां सभी प्राइमरी (5वीं क्लास तक) स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। बच्चे ऑनलाइन क्लास में पढ़ेंगे।

एयर कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एनसीआर यानी हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आने वाली बसों के दिल्ली आने रोक लगा दी है। सीएनजी और इलेक्ट्रिक व्हीकल के साथ बीएस-4 डीजल बसों को इससे छूट दी गई है।

## सरकार ने निजी विधेयक पर चर्चा को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की ओर से एक निजी सदस्य विधेयक पर विचार करने के लिए मंजूरी दी है, जो देश में मीडिया सेवाओं के लिए एक स्वतंत्र प्राधिकरण बनाने का प्रस्ताव करता है। इस विधेयक को भारतीय मीडिया सेवा (विनियमन और लाइसेंसिंग) विधेयक 2024 कहा जा रहा है। इस विधेयक को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सांसद वी. शिवदासन ने पेश किया है। उच्च सदन के एक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। बुलेटिन के मुताबिक, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव राज्य सभा के महा सचिव को सूचित किया कि राष्ट्रपति ने इस विधेयक पर विचार करने की सिफारिश की है। जिन निजी सदस्यत विधेयक में सरकारी खजाने से खर्च होने की संभावना होती है, उनके लिए राष्ट्रपति की मंजूरी हासिल करनी होती है। इसके बाद संबंधित मंत्रालय यह फैसला लेता है कि क्या ऐसे विधेयक पर राज्यसभा में चर्चा की जा सकती है या नहीं। यह विधेयक एक स्वतंत्र निकाय भारतीय मीडिया सेवा बोर्ड बनाने की बात करता है, जिसका काम मीडिया सेवाओं का नियमन और लाइसेंस जारी करना होगा। इस बोर्ड का मकसद देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया सेवाओं को बढ़ावा देना होगा। विधेयक के मुताबिक, कानून बनने के बाद केंद्र सरकार को छह महीने के भीतर इस बोर्ड को स्थापित करना होगा। इस बोर्ड को मीडिया सेवाओं की देखरेख करने के लिए धन भी मुहैया किया जाएगा। इस विधेयक को लेकर शिवदासन ने कहा, स्वतंत्र मीडिया लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि यह जनता तक निष्पक्ष जानकारी पहुंचाता है। उन्होंने कहा, जब मीडिया लाइसेंस का अधिकार सरकार या प्रशासन के पास होता है, तो यह मीडिया को डराता है और मीडिया सरकार की आलोचना नहीं कर पाता। इसलिए एक स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय की जरूरत है, जो मीडिया को स्वतंत्र रूप से काम करने की आजादी दे और बिना किसी दबाव के लाइसेंस जारी और कर सके।

## अब ग्रेजुएशन 2 साल में ही कर सकेंगे

**नई दिल्ली।** स्टूडेंट्स अगले एकेडमिक ईयर से ग्रेजुएशन में कोर्स ड्यूरेशन को घटा या बढ़ा सकेंगे। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन ग्रेजुएशन 2025-26 एकेडमिक ईयर से ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी करने के लिए एक नए फ्लेक्सिबल अप्रोच पर काम कर रहा है। इसके तहत ग्रेजुएशन डिग्री जो 3 से 4 साल में होती है, उसे स्टूडेंट्स कमकर दो से ढाई साल में कर सकेंगे। यह जानकारी यूजीसी चेयरमैन एम. जगदीश कुमार ने आईआईटी मद्रास के एक प्रोग्राम में गुरुवार को दी। आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामाकोटी ने इस पॉलिसी का सुझाव दिया था। इस पर यूजीसी लंबे समय से काम रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मैटरनिटी लीव पर जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 12 नवंबर को केंद्र सरकार की मैटरनिटी लीव पॉलिसी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकारी की मैटरनिटी बेनिफिट अमेंडमेंट एक्ट के सेक्शन 5(4), 2017 की कॉन्स्टिट्यूशनल वैलिडिटी को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि 3 महीने से ज्यादा उम्र के बच्चों को गोद लेने पर मैटरनिटी लीव नहीं मिलती है। ऐसे में बच्चा गोद लेने वाली माताओं को दी गई कथित 12 सप्ताह की मैटरनिटी लीव सिर्फ एक दिखावा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मिठल की बेंच ने इस संबंध में केंद्र सरकार से 3 हफ्ते में अपना जवाब दाखिल करने का कहा है। साथ ही जवाब की कॉपी पहले याचिकाकर्ता को देने के निर्देश दिए हैं। अभी नियम ये है कि 3 महीने से कम उम्र के बच्चों को गोद लेने वाली या सरोगेट माताओं को 12 हफ्तों की छुट्टी मिलेगी।

## राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर रोकने पर गरमाई राजनीति

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव प्रचार के लिए झारखंड दौरे पर हैं। कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी आज सुबह झारखंड के गोड्डा पहुंचे और वहां एक जनसभा को संबोधित किया। गोड्डा के बाद राहुल गांधी को चुनाव प्रचार के लिए अन्य जगह पर जाना था, लेकिन कथित तौर पर सवा घंटे तक राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर गोड्डा से उड़ान ही नहीं भर पाया। इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस का आरोप है कि राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को



बीते सवा घंटे से एटीसी द्वारा उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी।

महागामा विधानसभा सीट से विधायक और कांग्रेस उम्मीदवार दीपिका पांडे ने राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को उड़ान की मंजूरी ने दिए जाने की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देवघर में हैं और सिर्फ इस वजह से राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को उड़ान की मंजूरी नहीं मिली। हम जानते हैं कि ये प्रोटोकॉल है लेकिन कांग्रेस ने 70 वर्षों तक इस देश पर शासन किया है और ऐसी घटनाएं किसी विपक्षी नेता के साथ नहीं होनी चाहिए। यह स्वीकार्य नहीं है।

इससे पहले राहुल गांधी ने गोड्डा में आयोजित जनसभा के दौरान पीएम मोदी और सत्ताधारी एनडीए पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नरेंद्र मोदी से नहीं डरती है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर अरबपतियों के साथ सांठ-गांठ करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ किए, लेकिन किसानों का एक रुपया माफ नहीं किया।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के साथ कांग्रेस पार्टी की विचारधारा की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने के लिए काम कर रहे हैं, वहीं भाजपा और आरएएस संविधान खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।

## विपक्ष घुसपैठियों को सुविधा देता है : शिवराज

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान हो चुका है। अगले हफ्ते दूसरे चरण का मतदान होने वाला है। इससे पहले केंद्री मंत्री और भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को घेरा। मीडिया से बात करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा, एक तरफ यह लोग कहते हैं कि हम जबरदस्ती मुद्दा बना रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ उनके अपने नेता यह साबित कर रहे हैं कि वे उनके (घुसपैठियों) लिए सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को इसका जवाब देना होगा। क्या वे अपने नेता गुलाम अहमद मीर की बात से सहमत हैं, जो उन्होंने कहा कि वे घुसपैठियों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देंगे।

## वायनाड लैंडस्लाइड-राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से केंद्र का इनकार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने वायनाड लैंडस्लाइड को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से इनकार कर दिया है। इसको लेकर 10 नवंबर को गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने केरल सरकार को लेटर लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ-एनडीआरएफ के मौजूदा दिशा-निर्देशों के तहत किसी भी आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का कोई प्रावधान नहीं है। अगस्त में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर वायनाड लैंडस्लाइड को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की थी। इसके अलावा राहुल गांधी ने भी 7 अगस्त को लोकसभा में यही मांग की थी।

## पटवारी की नई टीम की पहली बैठक 21 और 22 नवंबर को



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में दो सीटों पर उप चुनाव के बाद एमपी कांग्रेस एक बार फिर से संगठन को मजबूत करने में जुट गई है। हालही में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने अपनी नई टीम की घोषणा की है। नई कार्यकारिणी के बाद बगावत भी देखने को मिली थी। अब सभी नेताओं को एक मंच पर लाने और आगे की रणनीति तैयार करने के लिए दो 21 और 22 नवंबर को राजधानी भोपाल में बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी, नेता प्रतिपक्ष और पीसीसी चीफ समेत सभी दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे और आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि गुरूवार, 21 नवम्बर 2024 को सुबह 10 से कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों की बैठक रखी गई। बैठक में समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे। वहीं 21 नवम्बर को ही दोपहर 12 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्यों, स्थाई आमंत्रित सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों की बैठक भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की उपस्थिति में आहूत की गई है।

## वैश्विक धरोहर है बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व

### 165 बाघ और 100 से अधिक तितलियों की दुर्लभ प्रजातियाँ हैं

**भोपाल।** उमरिया जिले का विश्व प्रसिद्ध बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व वैश्विक धरोहर है। यहाँ की जैव-विविधता, दुर्लभ वन्य-जीवों की उपलब्धता, कल्चुरी कालीन किला और हिन्दू देवताओं के प्राचीन मंदिर पूरी दुनिया में दुर्लभ हैं। टाइगर रिजर्व की स्थापना के पूर्व यहाँ का जंगल एवं पहाड़ियों के बीच निर्मित किला एवं अन्य संरचनाएँ रीवा रियासत के महाराजा की निजी सम्पत्ति हुआ करती थी। किले में राजकीय कार्यों के अलावा राज परिवार का निवास भी होता था। घनघोर जंगल राजा और महाराजाओं का निजी शिकारगाह होता था, जहाँ देश-विदेश के राजा समय-समय पर आकर आखेट करते थे।



कालांतर में देश की आजादी के बाद तत्कालीन रीवा महाराजा मार्तण्ड सिंह ने सन् 1967 में किला सहित पूरा जंगल मध्यप्रदेश शासन को नेशनल पार्क स्थापित करने एवं वन्य-जीव संरक्षण के लिये दान में दिया था। इसके बाद मध्यप्रदेश शासन द्वारा बाँधवगढ़ नेशनल पार्क की स्थापना की गयी। वर्ष 1981 के बाद यहाँ पर केन्द्र की टाइगर परियोजना शुरू की गयी। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मौजूद जल-स्रोतों से यहाँ की जैव-विविधता देश-दुनिया के जंगलों की अपेक्षा उत्कृष्ट रही है। यहाँ जल-स्रोतों की मौजूदगी हमेशा से रही है, जिससे हरियाली बनी रहती है। पर्याप्त जल-स्रोत, चारागाह, सघन वन, शाकाहारी, मांसाहारी वन्य-जीवों के लिये आवश्यक आहार और रहवास की अनुकूलता होने से यहाँ दुर्लभ से दुर्लभ वन्य-प्राणी एवं पक्षी अपना आश्रय-स्थल बनाये हुए हैं।

बाघों की सघन मौजूदगी पूरी दुनिया में बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व को एक अलग पहचान दिलाती है। टाइगर रिजर्व 1526 वर्ग किलोमीटर के कोर एवं बफर क्षेत्र में फैला हुआ है। इस जंगल में वर्ष 2022 की गणना अनुसार 165 से भी ज्यादा बाघों की संख्या पायी गयी थी। इसके अलावा कान्हा टाइगर रिजर्व से 49 बायसन लाकर वर्ष 2012 में बसाये गये थे, जो अनुकूल परिस्थितियों में बढ़कर वर्तमान में लगभग 200 की संख्या में स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं। टाइगर रिजर्व में दुनिया में विलुप्ति की कगार पर पहुँच चुके विशेष प्रजाति के बारहसिंघा भी कान्हा टाइगर रिजर्व से लाकर बाँधवगढ़ में बसाये गये हैं। वर्ष 2018 से जंगली हाथियों ने भी अपना रहवास यहाँ बनाया है। तकरीबन 70 से 80 जंगली हाथी टाइगर रिजर्व के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न झुण्डों में विचरण कर रहे हैं। टाइगर रिजर्व में बाघ, बायसन, जंगली हाथी के अलावा नीलगाय, भालू, तेंदुआ, चीतल और सांभर यहाँ के मुख्य वन्य-प्राणी हैं, जो पर्यटन के साथ जैव-विविधता का केन्द्र हैं। टाइगर रिजर्व बाँस एवं साल के सघन वृक्षों से घिरा हुआ है।

# परसौना-रजमिलान सड़क मार्ग की शुरू हुई मरम्मत

## कलेक्टर के निर्देश पर अदाणी कंपनी ने तेजी से शुरू किया निर्माण कार्य

**सिंगरौली।** परसौना-रजमिलान सड़क मार्ग के परखच्चे उड़ गये थे। सड़क पर चलना मुश्किल हो गया था। उक्त मार्ग पर हैवी वाहनों के कारण आम नागरिकों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। आखिरकार कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर अदाणी कंपनी के द्वारा उक्त सड़क मार्ग मरम्मतीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे लोगों में काफी खुशी देखने को मिल रही है।



गौरतलब है कि स्थानीय जनता जनप्रतिनिधियों से आवाज उठा रही थी कि उक्त परसौना-रजमिलान सड़क मार्ग सिंगरौली जिले की आम जनता की सड़क है। लेकिन सड़क पर राखड़ वाहनों का कब्जा हो गया है। कब्जा कहना इसलिए गलत नहीं होगा क्योंकि आम जनता की सड़क पर कंपनी के भारी वाहनों का संचालन कराया जा रहा है और इस सड़क पर सिंगरौली की जनता का चलना मुश्किल हो गया है। एक तो सकरी सड़क और सकरी सड़क पर भारी वाहन, साइकिल एवं मोटरसाइकिल दो पहिया वाहन चालकों को पास लेने तक के लिए जगह नहीं होता है। कोयला एवं राखड़ वाहनों का एक तरफ से जाना दूसरे तरफ से आना तो फिर जनता कहां चले। आज जनता के लिए कौन सी सड़क है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है। जिले में औद्योगिक कंपनियों का जाल तो बीछ गया। लेकिन आज जो सिंगरौली के समूचे जन समुदाय के साथ एक बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हुई है। इसके लिए जो पावर फूल लीडर हैं। वह जनता की इस समस्या के समाधान के बारे में जरा सा भी नहीं सोच रहे हैं लेकिन सिंगरौली की आम जनता अपनी जान जोखिम में डालकर इसी सकरी सड़क पर आगमन करने को मजबूर हैं जो किसी खतरे से खाली नहीं है। इस सड़क पर लोग तो चल रहे हैं लेकिन कब किसके साथ बड़ा हादसा हो जाए, यह कुछ कहा नहीं जा सकता। बता दे कि राखड़ वाहनों के चलते सड़क पर चलना काफी मुश्किल हो गया था। स्थानीय लोगों ने कई बार बैठक करते हुये जिले के जनप्रतिनिधियों को आगाह कराया। आखिरकार कलेक्टर ने आम जनता की समस्याओं को समझा और लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया कि कंपनी को अवगत करायें और उक्त मार्ग का तत्काल मेंटिनेंस करायें। जिसपर कंपनी प्रबंधन निर्णय लेते हुये परसौना-रजमिलान सड़क मार्ग का मरम्मतीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया।

### जनपद सदस्य ने उठाई थी आवाज

जनपद सदस्य पारसनाथ प्रजापति ने सीधी-सिंगरौली के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं राज्य मंत्री राधा सिंह, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम से सिंगरौली के समस्त जनता जनार्दन की ओर से अपील किया है कि परसौना से माड़ा एवं रजमिलान से बंधौरा खनुआ, डोंगरी, लंघाडोल आम जनता का चलना काफी मुश्किल भरा सफर हो गया है। अंदाजा लगाया जाए की जो लंघाडोल डोंगरी से जिला मुख्यालय बैढ़न अपने न्यायालयीन मामलों में निराकरण के लिए कोर्ट-कचहरी में आते हैं व कुछ किसान भाई अपने दो पहिया वाहन पर ही सब्जी बिक्री करने के लिए मुख्यालय आते हैं उनके लिए बहुत ही असुविधाओं का संघर्ष भरा सफर होता है।

### आज से शुरू हुआ मरम्मत कार्य

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग विनोद चौरसिया ने बताया कि परसौना से रजमिलान तक की क्षतिग्रस्त सड़क का मरम्मत कार्य अदाणी समूह द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। विदित हो कि कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के पास संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों एवं सामाचार पत्रों के माध्यम से क्षतिग्रस्त सड़क के सुधार के लिए मांग किया जा रहा था। जिसे दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर के द्वारा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को सड़क की मरम्मत कराये जाने का निर्देश दिया गया। जिसके तारतम्य में क्षतिग्रस्त सड़क के मरम्मत का कार्य आज से प्रारंभ कर दिया गया है।

# अपने बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाएं: किरन




**शक्तिनगर**

एनटीपीसी सिंगरौली के दौरे पर आई प्रमुख अतिथि, किरन सिंह, अध्यक्षा, संयुक्ता महिला समिति ने 14 और 15 नवम्बर को वनिता समाज द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और स्थानीय समुदाय के विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया।

14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर उन्होंने वनिता समाज द्वारा संचालित टाइनी टोट्स स्कूल का दौरा किया। जहाँ उन्होंने नन्हें बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद उन्होंने वनिता रसोई का निरीक्षण करते हुए वहां के भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया। इसके साथ ही किरन सिंह ने वात्सल्य क्रेच का दौरा कर बच्चों की सुरक्षा एवं उनके खानपान में गुणवत्ता का भी जायजा लिया। इस दौरान एक जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन भी किया गया। जिसमें उन्होंने वनिता समाज की सदस्याओं से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों को एक अच्छा इंसान बनने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा हमारा मूल धर्म यह होना चाहिए कि हम अपनी संतान को अच्छे आचरण और मूल्यों की शिक्षा दें। जिससे समाज और राष्ट्र दोनों की उन्नति हो।

# नगर परिषद सरई सीएमओ नदारत अध्यक्ष की तानाशाही सरई नगर परिषद आउटसोर्स कर्मचारियों का लगातार किया जा रहा शोषण



**सिंगरौली।** सराई नगर परिषद में विगत 6 माह से लगातार सफाई कर्मचारियों का शोषण अध्यक्ष के द्वारा किया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष के द्वारा पूर्व ग्राम पंचायत समुंद में अवैध कब्जा कर लिया गया है और इससे आसपास की जमीन को लेकर सफाई कर्मचारियों के द्वारा खेतीवाड़ी, गोबर खाद अन्य का काम 8-10 लेबरों के द्वारा कराया जा रहा है। यदि लेवर काम पर नहीं जाते तो उनको काम से निकाल देने की धमकी दी जाती है। डर के कारण लेबर अपनी मजबूरी किसी से नहीं बता पा रहे। पूर्व में एक दो लेबर विधायक से शिकायत किए तो उनको सीएमओ के द्वारा काम से निकाल दिया गया। इन सब के आलावा एक दो पार्षद भी लगातार लेबरों का शोषण कर रहे हैं जो बीजेपी के है इस लिए सीएमओ का भी पूरा समर्थन अध्यक्ष और पार्षदों के तरफ है। यहां पिछले कई महीनों से सराई बाजार के अलावा आसपास के सभी वार्डो में साफ-सफाई शून्य के बराबर है। जगह-जगह कचड़े का अंबार लगा हुआ आधे से ज्यादा लेबर अध्यक्ष और पार्षदों के यहां काम करने जाते है। जिसके कारण सरई नगर परिषद साफ-सफाई और अन्य मरम्मत कार्य शून्य के बराबर हो गया है वीडियो में साफ साफ देखा जा सकता है कि किस तरह से लेबरों के द्वारा अध्यक्ष के आवास पर गोबर खाद खेत में फेंका जा रहा है। इस तरह जब लेबरों का होगा शोषण तो कैसे होगा नगर परिषद सरई की साफ-सफाई।

# आदिवासी समाज आज भी अपने संस्कृति और संस्कार को संजोए हुए हैं: राज्यमंत्री

## भगवान बिरसा मुण्डा के जन्म दिवस पर जिले में धूमधाम से मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

**सिंगरौली।** जिलें भर में भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को धूमधाम से जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में राज्यमंत्री राधा सिंह के मुख्य अतिथि में एवं सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता के उपस्थित में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर एवं भगवान बिरसा मुण्डा के छाया चित्र पर मल्यापर्ण कर किया गया। समारोह में एकलव्य विद्यालय की छात्राओं के द्वारा



मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत गीतो ने अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को राज्यमंत्री राधा सिंह ने जनजातीय गौरव दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की आज पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। आज पूरा देश एक साथ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मना रहा है। उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन के असली मालिक आदिवासी समाज है। यह हमारे पर्यावरण, संस्कृति की रक्षा करने वाला समाज है। आधुनिक युग में हम अपने संस्कृति संस्कार भूलने लगे हैं। लेकिन आदिवासी समाज आज भी अपने संस्कृति और संस्कार को संजोए हुए है। वही समारोह को संबोधित करते हुये सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि आज अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग सरपंच, पंच बनने के लिए सोचते थे। लेकिन आज गर्व की बात है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण आज आदिवासी समाज को बेटी द्रौपती मुर्मू देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद को सुशोभित कर रही है। समारोह में देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम ने कहा कि आज दिन पूरे देश के लिए गौरव का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में समूचे देश में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी केन्द्र एवं राज्य सरकार ने हमेशा जनजाति समाज को सम्मान देने का काम किया है। देश के लिए बहुत ही सम्मान की बात है कि देश के सर्वोच्चित पद में आदिवासी महिला है। जिसमें पीएम जनमन योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को उनके आवासों की चाभी सौपकर उनका गृह प्रवेश कराया गया। वही पॉच बैगा जन जाति के हितग्राहियों को केसीसी स्वीकृत प्रमाण पत्र तथा उन्नत किस्म के बीजों का किट प्रदान किया गया। तथा 10 समूहों को मछुआ क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। समारोह के दौरान उपस्थिति अतिथि सहित जन समूह के द्वारा बिहार प्रदेश के जमुई जिले से प्रधानमंत्री के उद्बोधन को लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से देखा एवं सुना गया।

# धूमधाम से मनाई गई गुरूनानक जयंती

### प्रकाश पर्व के साथ संगत में हुआ लंगर का आयोजन

### नानक आया नानक आया, कल तारण गुरु नानक आया

**सिंगरौली।** श्री गुरु नानक देव जी के 555वां प्रकाश पर्व के अवसर पर ऊर्जांचल के समस्त गुरुद्वारे में लगातार कई दिनों तक सुबह संगतों द्वारा प्रभात फेरी प्रात: नगर में निकली जाती रही। जिसके साथ ही 13 तारीख को अखण्ड पाठ साहिब का पाठ प्रारम्भ किया गया था। जिसकी समाप्ति आज सुबह गुरुद्वारा साहिब में कई गयी।

आज श्री प्रकाश पर्व के दिन प्रात 10 बजे से स्थानीय संगत तथा कीर्तन रागी जत्था ने कीर्तन किया। प्रकाश पर्व के अवसर पर टाटानगर से आए रागी जत्था भाई मनप्रीत सिंह द्वारा अमृतवानी से कीर्तन किया। धन सतगुरु गुरुनानक देव के इतिहास बताया। भाई रागी मनप्रीत सिंह द्वारा बहुत सारे कीर्तन किया गया। जिसमें से





मिटी धुंध जग चानन होआ। कल तारण गुरु नानक आया, कीर्तन भी प्रमुख रूप से किया गया। इसके बाद आनंद साहिब के पाठ की समाप्ति के बाद अरदास फिर गुरु का लंगर की वितरित किया गया। ऊर्जांचल की संगत इस पर्व के उत्साह पूर्वक मनाते हुए सुबह से ही गुरुद्वारे में एकत्रित हो गई। पाठ की समाप्ति 2:30 बजे किया गया। लंगर की सेवा 12 बजे से प्रारम्भ कर दिया गया। कई हजारों स्थानीय लोगों ने लंगर प्रसाद लिया। बैढन गुरुद्वारा के अलावा जयंत, बीना, रेनुसागर, शक्तिनगर एवं सिंगरौली के गुरुद्वारे में भी सुबह कीर्तन दरबार किया गया। बैढ़न गुरुद्वारा में मुख्य रूप से सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल, एसडीएम सृजन वर्मा, डीपीओ महेन्द्र सिंह गौतम, सीएसपी पीएस परस्ते साथ ही अन्य लोगो को सेवा के लिए गुरुद्वारा कमिटी ने सरोपा भेट कर सम्मान किया। इसके अवाला अन्य गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष, समिति सदस्य के साथ के साथ समस्त साध संगत ने कीतर्न वाणी सुनकर निहाल हुए।

# अध्यक्षा ने विंध्याचल जेम की बालिकाओं को किया साइकिलों का वितरण

**विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने सुहासिनी संघ के तत्वाधान में और सीएसआर के सहयोग से 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर अध्यक्षा संयुक्ता महिला समिति किरण सिंह और वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों ने छात्रों को साइकिलों का वितरण किया। एनटीपीसी की शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साइकल वितरण का मुख्य उद्देश्य बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने, पढ़ाई करने और आगे बढ़ने के लिए किया गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल और डिपॉल स्कूल विंध्यनगर की कक्षा 6वीं एवं 10वीं के छात्राओं को साइकिलें दी गईं। यह पहल जो युवा लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के समर्थन में की गई है। एनटीपीसी विंध्याचल की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जो लड़कियों की शिक्षा और गतिशीलता में आने वाली रुकावटों को दूर करने के लिए है।

# जिले में 16 नवंबर से आयोजित होगा जल संवाद कार्यक्रम




**सिंगरौली।** खनन परियोजनाओं से प्रभावित सिंगरौली जिले के लिए प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन अंतर्गत जल संरक्षण एवं प्रबंधन एक अनिवार्य आवश्यकता है। चूंकि वर्षा जल हर समय उपलब्ध नहीं रहता। इसलिए जल की कमी को पूरा करने के लिए जल के संरक्षण के साथ जल की हानि, उपयोग या अपव्यय में वास्तविक रूप से कमी लाने के साथ-साथ जल की गुणवत्ता को संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए आमजन जागरूकता भी महत्वपूर्ण पहलू है। इसी के मद्देनजर जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जिला मुख्यालय में स्थापित जल शक्ति केंद्र एवं मनरेगा योजना के माध्यम से जिले अंतर्गत जल के विभिन्न आयाम, चुनौतियां, सभी को स्वच्छ जल की उपलब्धता के साथ सतत जल प्रबंधन और संरक्षण में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 16 नवंबर को जिला पंचायत सभागार में प्रात: 11 बजे से किया जाएगा। इसके साथ ही 17 नवंबर को जनपद पंचायत देवसर में तथा 18 नवंबर को जनपद पंचायत चितरंगी में कार्यक्रम उपरांत चिन्हित ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस जल संवाद कार्यक्रम में जल प्रहरी एवं वाटर हीरो नीरज वानखेड़े एवं उनकी टीम द्वारा जल संवर्धन एवं संरक्षण के विषय पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही विभिन्न विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच, सब इंजीनियर, मनरेगा अंतर्गत सीएफपी प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विशेषज्ञ एवं आम जनमानस द्वारा जन भागीदारी से जल संरक्षण के उपायों पर चर्चा कर जन जागरूकता चलाया जाएगा।

# बिरसा मुंडा जयंती पर विधायक ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**सिंगरौली।** देश की स्वतंत्रता के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान आदिवासी नेता व जननायक बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। वही आज सुबह में विधायक रामनिवास शाह, भाजपा जिला महामंत्री सुन्दर शाह के द्वारा स्वयं बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया और इसके बाद बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुये माल्यार्पण कर नमन किया गया।

उक्त अवसर पर ननि उपायुक्त आरपी बैस, संतोष वर्मा एडवोकेट, पार्षद संतोष शाह ददोली, उपयंत्री पीके सिंह, पार्षद प्रतिनिधि अर्जुनदास गुप्ता पूर्व, पार्षद हीरालाल सोनी, स्वच्छता निरीक्षक संतोष तिवारी, अशोक त्रिपाठी, रामशरण सहित साथ में नगर निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता को लेकर अधिकारियों का निरीक्षण व बैठक

**सिंगरौली।** राज्यस्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता को लेकर गुरुवार को अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीईओ एसबी सिंह, जिला खेल अधिकारी शिवेंद्र सिंह, जिला कार्यालय से हरिश्चंद्र सिंह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंजरेह व प्रस्तावित खेल मैदान एनसीएल ग्राउंड का निरीक्षण किया। जहां अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उचित निर्देश दिए।

इस दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को लेकर शाउमा विद्यालय पंजरेह में एक बैठक की। जिसमें संकुल प्राचार्य प्रियंका शुक्ला, सरस्वती उमा विद्यालय के प्राचार्य कपिल देव शुक्ला, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य राममिलन, कन्या उमा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उमाकांत पाण्डेय, पीटीआई पंजरेह व्हीके तिवारी, पीटीआई देवसर एलके पाण्डेय उमा शिक्षक गौरी शंकर अन्य मौजूद रहे। बैठक में जरूरी कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों ने आवश्यक निर्देश दिए। बता दें कि 68वीं राज्य स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सिंगरौली के एनसीएल हेलीपैड ग्राउंड पंजरेह में 19 से लेकर 22 नवम्बर के बीच होगा। जिसमें 14 वर्ष से कम के बालक-बालिकाएं शामिल होंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 10 संभागों के प्रतिभागी शामिल होंगे। राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला हैं। जिनके मार्गदर्शन में ये 68वीं राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। डीईओ एसबी सिंह को समिति का संगठन सचिव बनाया गया है। जिला क्रीड़ा अधिकारी शिवेन्द्र सिंह सहायक संगठन सचिव होंगे। वही प्रियंका शुक्ला संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंजरेह को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंप गई है। मीडिया प्रभारी सूरज कुमार तिवारी ने बताया कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आदिवासी विकास, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम, सागर, शहडोल, उज्जैन, रीवा संभाग शामिल होंगे।

# मायाराम महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस

**सिंगरौली।** मायाराम महाविद्यालय में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई। महाविद्यालय के डायरेक्टर बद्री नारायण बैस ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन कर किया गया। उक्त अवसर पर डायरेक्टर ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए अपने उद्बोधन में यह बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा के जीवन में संघर्ष, त्याग, बलिदान हम सभी को एक प्रेरणा देते हैं कि हमें हर कठिनाई का सामना अपने दृढ़ संकल्प एवं आत्मविश्वास से करना चाहिए।

# संवेदनशीलता के साथ योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करें : सांसद

## जनजातीय गौरव दिवस समारोह में हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित



**सीधी।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जन्म जयन्ती वर्ष पर जनजातीय गौरव दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। अटल ऑडोटोरियम सीधी में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, अध्यक्ष विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, कुसमी की अध्यक्ष श्यामवती सिंह, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह कुशराम, हीराबाई सिंह एवं प्रदीप शुक्ला, जनपद सदस्य जमुनी देवी, पार्षद पूनम सोनी सहित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी नीलेश शर्मा सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में जमुई बिहार से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। सीधी जिला टू-वे कनेक्टिविटी के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ा रहा।

मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि हमारी संस्कृति और सभ्यता को संजोये रखने में हमारे आदिवासी समाज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में भी अपनी भागीदारी निभाई है। राजकुमार राम को भगवान राम बनाने का काम हमारे आदिवासी समाज ने ही किया है। 25 वर्ष में अपने कार्यो से भगवान बिरसा मुंडा सदैव के लिए अमर हो गए हैं। उन्होंने पूरे आदिवासी समाज को गौरवान्वित किया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी हमारे आदिवासी समाज का हृदय से सम्मान करते है। उनके नेतृत्व में उनके कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। आज डीबीटी के माध्यम से पूरा पैसा हितग्राही के खाते में जाता है। सांसद ने कहा कि संवेदनशीलता के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। भगवान बिरसा मुण्डा की 150वें जन्म जयंती वर्ष पर पूरे वर्ष कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा। सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की पूरी निगरानी रखें। उन्होंने संजय टाइगर रिजर्व के गांवों में आ रही समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनके निराकरण के लिए पहल करने को कहा है।

विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जनजातीय समाज को गौरवांवित करने का कार्य किया है। उनके हृदय में आदिवासी भाई-बहनों के लिए विशेष स्थान है। पीएम जनमन योजना से बैगा आदिवासियों के लिए पक्का आवास, नल से जल, आयुष्मान कार्ड अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। विधायक ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में निगरानी रखते हुए पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह कुशराम ने समाज से अंधविश्वास को दूर करने शिक्षा की ज्योति जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की धुरी है इसलिए बच्चों को शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाएं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने पीएम जनमन योजना की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में 1052 प्रधानमंत्री आवासों में गृहप्रवेश कराया गया है। साथ ही टोनादह एवं डुहकुरिया में मोबाइल टावर प्रारंभ किए गए है। सीधी जिले में 174 पीवीटीजी ग्रामों के 8664 बैगा परिवारों को पीएम जनमन योजना अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। अब धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जिले की 134 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों को 25 योजनाओं में सेचुरेशन किया जावेगा जिसके लिए 15 से 22 नवम्बर तक विशेष कैंप लगाकर कार्ययोजना तैयार की जावेगी। कार्यक्रम में बैगा जनजाति के लोककलाकारों द्वारा कर्मा नृत्य एवं बकवा के कलाकारों द्वारा गुदुम बाजा की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। अतिथियों द्वारा कलाकारों को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही एकलव्य विद्यालय टंसार के छात्र-छात्राओं द्वारा सैला नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना, जनधन बैंक खाता, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड के हितग्राहियों को हितलाभ का विवरण किया गया। जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत दो व्यक्तियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही महिला बाल विकास विभाग, जनधन बैंक खाता, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन धन विकास केन्द्र तथा आजीविका मिशन द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ. डी के द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर के के तिवारी, देवेन्द्र तिवारी, आशीष मिश्रा, भानू पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी सहित विभागीय अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गई।

## मातृ शक्ति तथा बुजुर्गों का हृदय से सम्मान करता हूं : प्रभारी मंत्री

**प्रभारी मंत्री ने की अपील- कृपया पैर छूकर शर्मिंदा नहीं करें**

**सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने उनके सीधी प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में पैर छूने के वीडियो को गलत ढंग से प्रस्तुत करने पर खेद व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही खेद जनक है। मैं मातृ शक्ति तथा बुजुर्गों का हृदय से सम्मान करता हूं। मैंने बहन को पैर छूने से मना किया तथा तत्काल उठाया भी, लेकिन इस हिस्से को वीडियो से जानबूझकर हटा दिया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मैं जनता के सेवक हूँ और उनका पूरा सम्मान करता हूं। इस क्षेत्र में पैर छूने की परंपरा से बहुत ही असहज महसूस करता हूं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि उनसे मिलते समय पैर छूने की आवश्यकता नहीं है। उनकी समस्याओं तथा आवेदनों पर पूरी गंभीरता से विचार किया जावेगा तथा शासन के नियमानुसार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही की जावेगी।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती वर्ष पर मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया



**सीधी**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर शहडोल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण तथा पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया।

आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के डॉ. संगीता मिश्रा, डॉ.कमलेश जायसवाल, डॉ. ज्योति रजक, डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा, श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के अतिथि विद्वान और कर्मचारी छात्र/छात्राये उपस्थित थे।

# ज्योत्सना ग्रुप पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ बना सेवा का पर्याय : डॉ राजेश

## ज्योत्सना ग्रुप सीधी प्रांगण में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**सीधी।** जोत्सना विद्यालय के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुत कार्यक्रम एवं उनकी प्रस्तुति शानदार और भव्य है। हर प्रस्तुती एक नई सीख, ऊर्जा और ज्ञान का प्रकाश कुंज पिरोई हुई है। ज्योत्सना विद्यालय 2006 से लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान गढ़ रही है। अंचल के बच्चों का चहुमुखी विकास हो, इसके साथ ही अच्छा स्वास्थ्य भी, इस समिति का प्रमुख उद्देश्य है। आयोजक अभिभावक और देश के कर्णधार बच्चे बधाई के पात्र हैं।




उक्त आशय के विचार लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं विद्यालय के संरक्षक पालक डॉ राजेश मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि ज्योत्सना ग्रुप के तत्वाधान में ज्योत्सना विद्यालय हड़बड़ों के विशाल प्रांगण में आयोजित वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में कहीं। सांसद एवं विद्यालय के पालक डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि पाठ्येत्तर गतिविधियां जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ज्ञानवर्धक एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति देने के लिए सभी बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक एवं विद्यालय परिवार का अभिनंदन करता हूं। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के रजिस्ट्रार डॉ सुरेंद्र सिंह परिहार ने ज्योत्सना विद्यालय की तारीफ करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम अलौकिक एवं सराहनीय है। विद्यालय प्रतिभाओं की खान है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये। कार्यक्रम अद्वितीय है। रजिस्टार डॉक्टर परिहार ने आयोजकों को शुभकामना देते हुए विद्यालय की उत्तरोत्तर उन्नति की कामना की। जोत्सना जन कल्याण स्वास्थ्य समिति द्वारा संचालित ज्योत्सना विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ श्वेता सिंह ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियां का बखान किया। डायरेक्टर श्वेता सिंह ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं केवल पढ़ाई में ही नहीं बल्कि खेलकूद में भी राष्ट्रीय स्तर पर जिले को गौरवान्वित कर रहे हैं। विद्यालय की छात्रा प्रियंका केवट ने बूसु में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित कर जिले को गौरवान्वित किया वही दिव्यांशी पाण्डेय ने कला की प्रदेश की प्रवीण सूची में पांचवा स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। जहां एक ओर स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, शिव तांडव, हनुमान चालीसा की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को आध्यात्मिकता का दर्शन कराया वहीं दूसरी ओर नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति हाय रब्बा, कैसे खेले जय बू सावन में कजरिया, ओ बेटा जी, जिंदगी है सुहाना सफर, लोकगीत काली चुनरी की गोरी किनारी, ओ राजा जी, कवि सम्मेलन, साक्षरता गीत, संविधान के मौलिक कर्तव्य, और विभिन्न राज्यों की लोक संगीत जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर, खूब तालियां बटोरी एवं थिरकने पर मजबूर कर दिया।

# नपा क्षेत्र में नेकी की दीवार का हुआ भव्य शुभारंभ

**ज्यादा हो तो दे जाएं, जरूरत हो तो ले जांए : पुलिस अधीक्षक**



**सीधी।** कड़ाके की ठंड प्रांरभ होने वाली है, ऐसे में दीन हीन परिवार के कई लोग ऐसे भी हैं जो आर्थिक तंगी के चलते ठंड में तन को ठीक ढंग से ढकने में असमर्थ रहते हैं। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन एवं आमजनो की मदद से जिला अस्पताल के समीप नेकी की दीवार का भव्य शुभारंभ डॉ.रविन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक, डीईओ डॉ.प्रेमलाल मिश्रा, समाज सेवी डॉ.अनूप मिश्रा, कमल कामदार के द्वारा शुक्रवार को किया गया। मिनी अग्रवाल सीएमओ नपा ने बताया कि नेकी की दीवार सभी के सहयोग से दीन हीन गरीबों को कपड़े उपलब्ध कराने का सबसे बेहतरीन माध्यम है। जिसमें सभी नगर वासियों का सहयोग सादर अपेक्षित है। पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा ने नेकी की दीवार का फीता काटते हुए, प्रथम पूज्य देव गणेश की पूजा अर्चना करने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए कहें कि नेकी की दीवार ऐसी दीवार है। जिसमें आपके पास जरूरत से ज्यादा घर का सामान किसी जरूरतमंद की जरूरतो को पूरा कर सकता है। नेकी की दीवार के सुचारू संचालन हेतु आप सब का सहयोग सादर अपेक्षित है।

जिले के वरिष्ट चिकित्सक अनूप मिश्रा ने मीडिया के एक सवाल पर कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। प्रभु की पूजा अर्चना करने के बाद जो मन को सुख प्राप्त होता है, वही सुख किसी जरूरतमंद की मदद करने के बाद भी मिलता है। अत- ये न देखें कि नेकी की दीवार का संचालन कौन कर रहा है बल्कि ये महत्वपूर्ण है कि आपके एक वस्त्र दान करने से किसी जरूरतमंद की मदद हो सकती है। वरिष्ट समाजसेवी कमल कामदार ने ठंड से बचाने के लिये 51 कम्बल दान कर कहा कि जरूरतमंदो तक मदद पहुँचाने हेतु आप सब अपने घर के अतिक्ति बस्त्र, खिलौने, बर्तन आदि नेकी की दीवार अस्पाल चौक के समीप शमा मेडिकल के सामने आ कर दान कर सकते हैं।

# भाजपा कर रही बिरसा मुंडा के सपनों को सरकार : देव कुमार




**सीधी।** भगवान वीरसा मुन्डा के जीवन आदर्शो पर सभी को चलना चाहिए। उनके दिखाए गए रास्ते पर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की सरकार निरंतर आदिवासियो के उत्थान और कल्याण लिए कृत संकल्पित है। उक्त आशय के विचार भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जन्म जयंती पर पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहीं। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि बिरसा मुंडा के कृतित्व एवं व्यक्तित्व से सभी को प्रेरणा लेकर उनके बताए हुए जीवन आदर्शो को ग्रहण करना चाहिए। भगवान बिरसा मुंडा का संपूर्ण जीवन भारत माता की सेवा के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल पाण्डेय, सुरेश सिंह चौहान, जिला महामंत्री विनोद साकेत, मोतीलाल पटेल, सुनीता रानी वर्मा, पूनम सोनी, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, संगीता सिंह चौहान सहित सैकड़ो पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**प्रेम की ज्योति जलाओ : डा अनिल सिंह**

# संजय गांधी के अंग्रेजी विभाग में मनाया गया बाल दिवस

**सीधी।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरु के जन्म दिवस के उपलक्ष पर सीधी जिले के संजय गांधी महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में प्राध्यापक डा अनिल सिंह के प्रयास से बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। डा अनिल सिंह का साथ दिया प्राध्यापक डा अखिलेश शर्मा, डा अर्चना सिंह एवं डा रितु साहू ने एम.ए. के छात्र शाश्वत श्रीवास्तव, शुभम पाठक एवं छात्रा गोल्डी सिंह ने चाचा नेहरू कि प्रशंसा में अपने विचार व्यक्त किए। बी.ए. की छात्रा साक्षी सिंह चौहान ने गुरुजन को समर्पित ये तो सच है कि भगवान है गीत प्रस्तुत किया एवं रुचि दिक्षित ने राधा रानी का भजन प्रस्तुत किया। एम.ए. की छात्रा रिचा द्विवेदी के चुटकुलों पर सब ने जमकर ठहाके लगाए। छात्रा पूर्वांशी सिंह ने सभी छात्रों कि ओर से गुरुजन के प्रति प्रेम एवं सम्मान व्यक्त किया। छात्र कुमार अमरेंद्र ने मित्रता पर स्वरचित कविता एवं गीत तेरे जैसा यार कहां गाया।

डा अनिल सिंह ने स्वरचित कविता प्रेम की ज्योति जलाओ, बहुत अंधेरा है प्रस्तुत की तथा पंडित नेहरू कि पुस्तकों पर चर्चा की। डॉ अनिल सिंह के अनुसार नेहरू कि पुस्तकें भारत कि खोज और विश्व इतिहास कि झलक बहुत ही रुचिकर एवं ज्ञानवर्धक हैं एवं नेहरू के उनकी बेटी श्रीमती इंदिरा गांधी को लिखे गए पत्रों का संकलन पिता के पत्र समाज को पिता-पुत्री के आदर्श संबंधो को दर्शाता है एवं हर आधुनिक पिता का मार्गदर्शन करता है। डा अखिलेश शर्मा ने ऐसे गगन के तले गीत गुनगुनाया एवं डा रितु साहू ने रहें न रहें हम गीत गाया। डा अर्चना सिंह ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए समझाया कि कभी भी अपनी कलात्मकता को छिपा कर न रखें। अंत में डा अनिल सिंह ने स्वलिखित पुस्तकें छात्रों को भेंट करके उन्हे पुरस्कृत किया। डा अनिल सिंह ने छात्रा रुचि दिक्षित को उनके भजन के लिए एक नदी दस घाट भेंट की, छात्रा क्रांति सिंह यादव को उनके गीत के लिए अंधेरे में स्वप्न भेंट की, छात्रा पूर्वांशी सिंह को मुखौटों के विरुद्ध भेंट की एवं छात्र जीतेन्द्र गुप्ता को उनके अध्ययन के प्रति लगन को देखकर पुस्तक शांति का राग भेंट की। इस समर्पण पर चर्चा करते हुए छात्र शाश्वत श्रीवास्तव ने सभी को कार्यक्रम का आभार प्रकट किया एवं सभी ने मिष्ठान के स्वाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

## 22 विधाओं के जिला भर के महाविद्यालय से आए हुए प्रतिभागियों ने सहभागिता दर्ज की

**सीधी**

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 11 से 13 नवंबर के मध्य किया गया। उत्सव में कुल 22 विधाओं के जिला भर के महाविद्यालय से आए हुए प्रतिभागियों ने सहभागिता दर्ज की। उक्त प्रतियोगिता के जिला संयोजक डॉ. दिलीप कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी 21 नवंबर से 23 नवंबर 2024 तक विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे और वहां से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी प्रदेश स्तर की प्रतिभा में सहभागिता दर्ज करेंगे। उक्त कार्यक्रम में साहित्यिक, सांकेतिक, रूपांकन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है, जिसमें एकल नृत्य शास्त्रीय, समूह नृत्य लोक नृत्य, रंगोली, नाटक, पोस्टर निर्माण ,क्ले मॉडलिंग इस तरह से कुल 22 विधाओं का आयोजन होता है। इसमें सभी प्रतिभागी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।





उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा जी रहे जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही बच्चों को बढ़-चढ़कर सहभागिता दर्ज करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.ओ.पी. नामदेव ने की। प्रो. नामदेव ने उद्बोधन में समस्त सहभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पी.के. सिंह प्राचार्य प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी रहे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. आई.पी. प्रजापति प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय मड़वास रहे। उन्होंने छात्रों को प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र वितरित किया। कार्यक्रम का आभार प्रो. पुष्पेंद्र शाह ने किया।

कार्यक्रम में संपूर्ण जिले की टीमों के टीम मैनेजर, कोच एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण, अतिथि विद्वान, जन भागीदारी अतिथि विद्वान, कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया।

## संपादकीय

### बेहतर मतदान

झारखंड मेंपहलेचरण का बेहतर मतदान स्वागतयोग्य है। इस पठारी राज्य मेंमतदान के अंतिम आंकड़े देर सेस्पष्ट होंगे, पर दोपहर ढलते, तीन बजेतक के जो आंकड़े सामनेआए, वेबहुत उत्साह जगा गए। महज तीन बजेतक मतदान का 59 प्रतिशत के पार पहुंच जाना संकेत कर गया कि झारखंड मेंसाल 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना मेंमतदान ज्यादा होगा। पिछले विधानसभा चुनाव मेंकुल 63.9 प्रतिशत मतदान हुआ था। झारखंड मेंपहलेचरण में 43 सीटों पर मतदान हुआ हैऔर दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 सीटों पर मतदान होंगे। आर्थिक स्थिति के साथ ही अगर शिक्षा और जागरूकता के स्तर को देखें, तो भारत के किसी भी राज्य में 60 प्रतिशत सेज्यादा मतदान को ठीक ही कहा जाएगा। गौर करनेकी बात हैकि अमेरिका मेंजहां 40 प्रतिशत सेज्यादा लोगों के पास स्नातक डिग्री है, वहां भी साल 2020 के राष्ट्रपति चुनाव मेंसर्वाधिक 66 प्रतिशत ही वोट डलेथे। अत- आदिवासी बहुल राज्य झारखंड मेंमतदान के बेहतर आंकड़े बाकी राज्यों को भी अवश्य प्रेरित करेंगे। झारखंड मेंमतों की गणना 23 नवंबर को होगी और यह देखनेवाली बात होगी कि झारखंड मुक्ति मोर्चाके नेतृत्व में 'इंडिया' ब्लॉक की वापसी होती हैया भाजपा के नेतृत्व मेंएनडीए को सरकार बनानेका मौका मिलता है। गौर करनेकी बात हैकि 2019 में 81 सीटों के लिए हुए विधानसभा चुनाव मेंझामुमो 30 सीटों के साथ सबसेबड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, जबकि भाजपा को 25 सीटें मिली थीं और कांग्रेस ने 16 सीटें जीती थीं। इस बार भी मुकाबलेमेंयही तीन पार्टियां ज्यादा हावी दिख रही हैं। झामुमो 43 और भाजपा 68 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन आंकड़ों सेभाजपा के लिए इस चुनाव के महत्व को समझा जा सकता है। हर पार्टी नेचुनाव मेंअपना पूरा जोर लगा रखा है। कांग्रेस के लिए भी येचुनाव इसलिए महत्वपूर्णहैं, क्योंकि वह यहां 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। विशेष रूप सेइन्हीं तीन पार्टियों की सफलता दर का ज्यादा विश्लेषण किया जाएगा। खैर, झामुमो जीतेया भाजपा, झारखंड मेंगठबंधन सरकार तय है। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, वामपंथी दल, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू) का भी महत्व बढ़ सकता है। झारखंड मेंसियासी जटिलता महाराष्ट्र जैसी नहीं है, पर उसकी रोचकता और उत्तर भारत मेंउसकी प्रासंगिकता सेइनकार नहीं किया जा सकता।

# कितना उचित है बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीमकोर्ट का फैसला?

**देश में किसी आरोपी की सम्पत्ति रातो-रात जमींदोज करने का अभी कोई कानून नहीं बना, फिर भी इसी वर्ष 3 राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में विभिन्न आरोपों में संलिप्त आरोपियों की इमारतें जमींदोज कर दी गईं।इनके विरुद्ध दायर याचिकाओं पर सुप्रीमकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान 13 नवम्बर को न्यायमूर्ति बी. आर. गवई तथा न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन ने अपने फैसले में बुलडोजर एक्शन की प्रवृत्ति पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी तुलना अराजकता की स्थिति से की।उन्होंने कहा, अधिकारी किसी व्यक्ति के मकान को केवल इस आधार पर नहीं गिरा सकते कि उस पर किसी अपराध का आरोप है।**

**मनोज कुमार अग्रवाल**

अपराधियों के गिरोह और सरपरस्त सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से राहत महसूस कर सकते हैं दरअसल कुछ वर्षों से देश में बुलडोजर एक्शन की बड़ी चर्चा है। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे बुलडोजर एक्शन को लगाम देने के लिए कड़ा फैसला किया है गत 7 वर्षों में 1935 आरोपियों की सम्पत्तियों पर बुलडोजर एक्शन हुआ है। इसमें उत्तर प्रदेश सबसे आगे, मध्य प्रदेश दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर है।

आपको बता दें कि देश में किसी आरोपी की सम्पत्ति रातो-रात जमींदोज करने का अभी कोई कानून नहीं बना, फिर भी इसी वर्ष 3 राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में विभिन्न आरोपों में संलिप्त आरोपियों की इमारतें जमींदोज कर दी गईं।इनके विरुद्ध दायर याचिकाओं पर सुप्रीमकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान 13 नवम्बर को न्यायमूर्ति बी. आर. गवई तथा न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन ने अपने फैसले में बुलडोजर एक्शन की प्रवृत्ति पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी तुलना अराजकता की स्थिति से की।उन्होंने कहा, अधिकारी किसी व्यक्ति के मकान को केवल इस आधार पर नहीं गिरा सकते कि उस पर किसी अपराध का आरोप है। कारण बताओ नोटिस दिए बिना किसी भी संपत्ति को ध्वस्त न किया जाए तथा प्रभावितों को उत्तर देने के लिए 15 दिन का समय भी दिया जाना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि राज्य या अधिकारी द्वारा नियमों के विरुद्ध आरोपी या दोषी के विरुद्ध बुलडोजर एक्शन नहीं किया जा सकता। किसी भी मामले में आरोपी होने या दोषी ठहराए जाने पर भी अपराध की सजा घर तोड़ना नहीं है। यह कानून का उल्लंघन है। सरकारी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए और ऐसा करने पर संबंधित व्यक्ति को मुआवजा दिया जाना चाहिए। यदि आरोपी एक है तो पूरे परिवार को सजा क्यों दी जाए ! अधिकारियों को इस तरह के मनमाने तरीके से काम करने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। प्रशासन जज की तरह काम नहीं कर सकता। घर प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है और वह चाहता है कि उसका आश्रय कभी न छिने। यदि राज्य इसे ध्वस्त करता है तो इसे अन्यायपूर्ण माना जाएगा।



यदि घर गिराने का आदेश पारित किया जाता है तो इसके विरुद्ध अपील करने के लिए समय दिया जाना चाहिए। जीवन का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और आश्रय का अधिकार इसका एक पहलू है। यदि कानूनों के विरुद्ध जाकर कोई कार्रवाई की जाती है तो अधिकारों की रक्षा करने का काम अदालत का ही है। शीर्ष अदालत ने कहा कि हर हालत में बुलडोजर एक्शन की प्रक्रिया नोडल अधिकारी के जरिए होगी। हर जिले का डी.एम. अपने क्षेत्राधिकार में किसी भी निर्माण को गिराने को लेकर एक नोडल अधिकारी को नियुक्त करेगा। नोडल अधिकारी 15 दिन पहले विधिवत तरीके से रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रभावित पार्टी को नोटिस भेजेगा। इसे निर्माण स्थल पर भी चिपकाना व डिजीटल पोर्टल पर डालना अनिवार्य होगा।नोडल अधिकारी इस पूरी प्रक्रिया को यकीनी बनाएगा कि संबंधित लोगों को नोटिस समय पर मिले और इस नोटिस का जवाब भी सही समय पर मिल जाए। इसके लिए 3 महीने के भीतर पोर्टल तैयार किया जाए। माननीय जजों का कहना है कि कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना घर/सम्पत्ति गिराने की कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती और इसकी वीडियो रिकार्डिंग भी की जाएगी। बुलडोजर एक्शन के दुष्परिणामों को देखते हुए यह देर से आया फैसला है जिससे अनेक घर टूटने से बच सकते हैं, अतः इस पर सख्ती से आमल होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अपराधियों को दंड देना अदालत का काम है वहीं सवाल यह भी है कि क्या अदालतें अपना काम समयबद्ध और प्रभावी ढंग से कर रहीं हैं।

ऐसे हालात में जब देश की अदालतों में पांच करोड़ मुकदमें विचाराधीन पैंडिग पड़े हैं हजारों न्यायिक व न्यायालय कर्मियों के पद खाली है पैंडिग मुकदमों की तादाद साल दर साल बढ़ती जा रही है तब अपराधियों पर कानून और अदालत का कोई भय नहीं रह जाता है जब पेशेवर अपराधी समाज में आतंक मचा कर अपनी दबंगई और गुंडई का समानांतर साम्राज्य स्थापित कर लेते हैं और उनके परिवार व समर्थन में सैकड़ों हजारों लोग उन्हें संरक्षण देने व उनके खिलाफ गवाही देने वाले लोगों को धमकाने मारने लूटने का काम करते हैं। बाहुबली धनबली दबंग और राजनीति में भी दखल रखने वाले माफिया पेशेवर अपराधी दशकों तक भी किसी मामले में सजा नहीं पाते हैं और येन-केन प्रकरेण जमानत पर रिहा हो जाते हैं तो ऐसे अपराधियों पर नकेल डालने के लिए उनके द्वारा अवैध तरीके से इकट्ठा की गयी संपत्तियों पर बुलडोजर एक्शन बहुत कारगर कदम साबित हुआ। योगी सरकार के इस कदम से यूपी जैसे राज्य में जहां अराजकता और माफिया राज कायम हो चुका था योगी सरकार के बुलडोजर ने अपराधियों के दिल में कानून का खौफ कायम किया और कानून व्यवस्था का राज स्थापित किया। बेशक शीर्ष अदालत को बुलडोजर एक्शन में खामियां नज़र आई हो लेकिन उपलब्ध कानून और अदालतों के अस्तित्व के बावजूद अपराधियों और माफियाओं पर कानून का भय बनाने में अदालत क्यो प्रभावी नहीं है इस पर भी विचार किया जाना चाहिए? बुलडोजर एक्शन की जरूरत क्यों हुई? यदि अदालत सही ढंग से प्रभावी काम करती तो देश में अपराधियों का तंत्र सक्रिय ही नही होता। जरूरत है कि अदालत अपने कार्यप्रणाली पर समीक्षा करे ताकि सरकारों को इस तरह के एक्शन प्लान बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब बुलडोजर एक्शन का भय खत्म होगा तो एनकाउंटर ही विकल्प बचेगा क्योंकि सरकार को अदालत के सुस्त कार्यप्रणाली से कानून व्यवस्था का खौफ बनाने में मदद नही मिलती है इस लिए विकल्प विकसित होते है। शीर्ष अदालत को विचार करना चाहिए कि संगीन अपराध करने वाले अपराधियों को शीघ्र सजा क्यो नहीं मिल पाती है? कैसे अपराधियों के गिरोह करोड़ों अरबों की अकूत संपत्ति जमा कर लेते हैं? अदालत तारीख पर तारीख की प्रक्रिया से बाहर क्यों नहीं आ पाई रहीं हैं? जब बत्तीस साल बाद अजमेर सैक्स कांड का फैसला दिया जाता है और जब निठारी कांड के दर्जनों गरीब बच्चियों युवतियों के आरोपी हत्यारों को सतरह साल की अदालती कवायद के बाद बरी कर दिया जाता है तो इस देश की न्यायिक व्यवस्था के प्रति आम आदमी का भरोसा टूट जाता है। क्या शीर्ष अदालत अपने अदालती तंत्र को सुधारने के लिए कुछ करेगी?

## चुनावी रेवड़ी या गरीबों की मदद

**(आलोक जोशी)**

मुफ्त, मुफ्त, मुफ्त... चुनाव आते ही किसी क्लियरेंस सेल जैसा माहौल बन जाता है। रस्ते का माल सस्ते में की तर्ज पर राजनीतिक पार्टियां वादे पर वादा करती जाती हैं और अब तो ज्यादातर पार्टियां सरकार बनते ही उन वादों को पूरा करने में भी जुट जाती हैं। कई दशक पहले दक्षिणी राज्यों से शुरू हुआ यह सिलसिला अब करीब-करीब पूरे देश में फैल चुका है। चमत्कारी बात यह है कि हरेक पार्टी ऐसे वादे करती है और दूसरे पर उंगली उठाने का कोई मौका भी नहीं चूकती।

अभी झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव गर्मी पकड़ ही रहा था कि एक बार फिर यह किस्सा खुल गया। मजे की बात यह है कि इस बार वाद-विवाद की शुरुआत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक बयान से हुई और वह भी कांग्रेस की सरकार वाले राज्य कर्नाटक में। खरगे के बयान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लपक लिया और फिर कांग्रेस के नेता भी खुलकर मैदान में उतर गए। शुरुआत इस बात से हुई कि कर्नाटक सरकार महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा देने वाली शक्ति योजना खत्म करने जा रही है। खरगे के सवाल उठाते ही कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने तुरंत उन्हें दुरुस्त किया और कहा कि योजना की समीक्षा की बात हुई है, खत्म करने की नहीं। लेकिन यह बात खुले मंच से हुई, जहां पूरे प्रदेश का मीडिया मौजूद था। खरगे ने एक तरह से राज्य के नेताओं को फटकार लगाई और कहा कि उन्हें ऐसी बातें नहीं कहनी चाहिए, जिनका दूसरी पार्टियां फायदा उठा सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कह दिया कि 'राज्य का बजट देखकर ही गारंटी देनी चाहिए। अगर आप बजट से ज्यादा की गारंटी दे देंगे, तो दिवालिया हो जाएंगे। सड़क बनाने के लिए मिट्टी तक नहीं मिलेगी और लोग आपको दोष देंगे।' उनका यह बयान झारखंड व महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए था। उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस राज्यों के बजट का अध्ययन करेगी और उसके हिसाब से ही एलान किया जाएगा कि क्या गारंटी दी जाएंगी। खरगे की इस बात से किसी को क्या ऐतराज हो सकता है? जो भी सुनेगा, यही कहेगा कि समझदारी की बात है, राजनीतिक दलों को ऐसा ही करना चाहिए। मगर राजनीति ऐसे तो चलती नहीं है। बीजेपी ने बात पकड़ ली और खुद प्रधानमंत्री मैदान में आ गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गलत वादे करके बेनकाब हो गई है। इसके साथ ही भाजपा ने सवाल उठाना शुरू कर दिया कि सिद्धरमैया सरकार ने कर्नाटक की माली हालत खस्ता कर दी है और सरकार के पास वादे पूरे करने के लिए पैसे नहीं हैं। हालांकि, कांग्रेस की तरफ से इसका खंडन हो रहा है, लेकिन बाकी देश में यह विवाद छिड़ गया है कि चुनावी वादे जनता की भलाई के लिए हैं या फिर वोट जुटाने के लिए रेवड़ी बांटने की कवायद है? और फिर महाराष्ट्र चुनाव के लिए महाविकास आघाड़ी, यानी कांग्रेस गठबंधन की तरफ से पांच गारंटियों का एलान भी हो गया। खुद राहुल गांधी ने यह एलान किया। इनमें महिलाओं के लिए तीन हजार रुपये महीने का भुगतान और महिलाओं व बच्चियों के लिए मुफ्त बस सेवा देने वाली महालक्ष्मी योजना पहली गारंटी है।

## बच्चों के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करे समाज

**योगेश कुमार गोयल**

देश में प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को 'बाल दिवस' मनाया जाता है। सही मायनों में बाल दिवस की शुरुआत किए जाने का मूल उद्देश्य बच्चों की जरूरतों को पहचानना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और उनके शोषण को रोकना है ताकि बच्चों का समुचित विकास हो सके। बाल दिवस का अवसर हो और बच्चों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा न हो, यह मासूम बच्चों के साथ नाइंसाफी ही होगी। हालांकि जब भी हम बच्चों के बारे में कोई कल्पना करते हैं तो सामान्य रूप से एक हंसते-खिलखिलाते बच्चे का चित्र हमारे मन-मस्तिष्क में उभरता है लेकिन कुछ समय से बच्चों की यह हंसी, खिलखिलाहट और चुलबुलापन भारी-भरकम स्कूली बस्तों के बोझ तले दबता जा रहा है।

पहले बच्चों का अधिकांश समय आउटडोर खेलों और गतिविधियों में ही बीतता था, हमउम्र बच्चों के बीच खेलकर उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास भी तेजी से होता था लेकिन अब बच्चों के खेल घर की चारदीवारी में ही सिमटकर रह गए हैं। कोरोना महामारी के कारण लंबे समय तक बंद रहे स्कूलों ने तो बच्चों के मन-मस्तिष्क पर काफी बुरा प्रभाव डाला। ऑनलाइन पढ़ाई के कारण अधिकांश बच्चे उस दौरान घर की चारदीवारी में कैद होने के कारण मोबाइल फोन इत्यादि इलैक्ट्रॉनिक गैजेट्स के आदी हो गए। नतीजा, इंटरनेट पर ऊलजलूल कार्यक्रम देखकर और हिंसात्मक गेम खेलकर बच्चों में हिंसात्मक व्यवहार और आक्रामकता बढ़ रही है तथा तरह-तरह की बीमारियां भी बचपन में ही बच्चों को अपनी चपेट में लेने लगी हैं।

गहन चिंतन का विषय है कि हम और हमारा समाज भी बच्चों के प्रति सही तरीके से अपनी भूमिका का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। बच्चों का मन बेहद कोमल और सरल होता है, जो प्रायः निस्वार्थ भाव से किसी की भी मदद करने को तैयार रहते हैं। हालांकि बच्चों को हम बचपन से ही ऐसी सीख देने का भरसक प्रयास करते हैं कि वे जीवन में एक अच्छे इंसान बनें लेकिन कई बार हम स्वयं ही अपनी कार्यशैली से उनके समक्ष अच्छा आदर्श स्थापित करने में विफल रहते हैं। वास्तविकता यही है कि बड़ों के मुकाबले बच्चों का मन इतना कोमल होता है कि वे किसी भी बात का दिल से बुरा नहीं मानते और कई मामलों में तो कुछ बच्चे ही अपने कारनामों से बड़ों को भी जीवन में बहुत कुछ सीखा जाते हैं। सही मायनों में हम बच्चों से ईमानदारी, छोटी-छोटी बातों में खुशियां ढूंढ़ना, किसी का दिल नहीं दुखाना, दिल में कोई खोट न रखकर दिल खोलकर हंसना, निस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करना, लग्न और मेहनत से जीवन में बड़े से बड़ा मुकाम हासिल करना जैसी बातें सीख सकते हैं। व्यस्कों को जहां प्रसन्न रहने के लिए किसी कारण की आवश्यकता होती है, वहीं बच्चों को दुखी होने के लिए एक कारण की जरूरत होती है लेकिन चिंता की बात यही है कि अब समाज बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही प्रकार से नहीं कर पा रहा है।

जहां तक बच्चों के प्रति समाज की जिम्मेदारियों की बात है तो बाल साहित्य का मामला हो या बाल फिल्मों का, बच्चे सदैव ही उपेक्षित रहे हैं। प्रेम कहानियों और भूत-प्रेतों पर आधारित फिल्मों की तो हमारे यहां भरमार रहती है लेकिन कोई भी फिल्मकार अपने देश की बगिया के इन महकते फूलों की सुध लेना जरूरी नहीं समझता। जहां 'होम अलोन', 'चिकन रन' और 'हैरी पॉटर' जैसी विदेशी बाल फिल्में विदेशों के साथ-साथ भारतीय बच्चों द्वारा भी बहुत पसंद की जाती रही हैं, वहीं हमारे यहां ऐसी फिल्मों का सर्वथा अभाव रहता है, जिनसे बच्चों का स्वस्थ मनोरंजन हो और उन्हें एक नई प्रेरणा एवं सही दिशा मिल सके। प्रेमकथा पर आधारित या हिंसा और अश्लीलता से भरपूर फिल्में बनाकर मोटा मुनाफा कमा लेने की प्रवृत्ति ने ही अधिकांश फिल्मकारों को बाल फिल्में बनाने की दिशा में निरूत्साहित किया है। बाल साहित्य के मामले में भी कुछ ऐसा ही हाल है। बच्चों के मानसिक और व्यक्तित्व विकास में बाल साहित्य की बहुत अहम भूमिका होती है। बच्चों में आज नैतिक मूल्यों का जो अभाव देखा जा रहा है, उस अभाव को प्रेरणादायक बाल साहित्य के जरिये आसानी से भरा जा सकता है किन्तु यदि कोई बच्चा आज स्कूली किताबों से अलग कुछ अच्छा साहित्य पढ़ना भी चाहे तो उसे समझ नहीं आता कि वह पढ़े तो क्या पढ़े क्योंकि बच्चों के लिए सार्थक, सकारात्मक और प्रेरक साहित्य की कमी अब बहुत अखरने लगी है।

आज जो बाल साहित्य रचा जा रहा है, वह बाल मन, बाल समझ या बाल मानसिकता से काफी दूर नजर आता है। बच्चों के लिए ऐसे स्तरीय बाल साहित्य का सर्वथा अभाव खटकता है, जिसके जरिये बाल मन के सवालों के जवाब रचनात्मक साहित्य के जरिये बच्चों को रोचक तरीके से मिल सकें और वे अनायास ही ऐसे साहित्य की ओर उन्मुख होने लगें।

आजकल बच्चों के लिए जो किताबें या पत्रिकाएं मिलती हैं, उनकी छपाई, सफाई और चित्रांकन तो बहुत सुंदर व आकर्षक होता है तथा ये पत्रिकाएं बहुधा रंगीन होती हैं, जिनके दाम भी बहुत ज्यादा नहीं होते लेकिन इनकी सामग्री उच्चस्तरीय नहीं होती। इन पत्रिकाओं में बाल पाठकों में नैतिक गुणों का विकास करने वाली सामग्री का अभाव अक्सर अखरता है। स्तरीय बाल साहित्य की कमी के भयावह दुष्परिणाम बच्चों में बड़ों के प्रति सम्मान की कम होती भावना और हिंसा की प्रवृत्ति बढ़ते जाने के रूप में हमारे सामने आने भी लगे हैं। छोटे पर्दे पर प्रसारित हो रहे कार्टून चैनलों की बात करें तो अधिकांश कार्टून चैनल की कहानियां ऐसी होती हैं, जिनसे बच्चों को कोई अच्छी सीख मिलने के बजाय उनमें आक्रामकता की भावना ही विकसित होती है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि मारधाड़ वाली फिल्मों और विभिन्न टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के साथ-साथ ऐसे कार्टून नेटवर्क भी बच्चों में आक्रामकता बढ़ाने में ही अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## वर्ग पहेली 5553

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | | 6 |
| 7 | | | | | ■ | ■ | |
| | ■ | | ■ | 8 | 9 | 10 | |
| 11 | 12 | | | ■ | 13 | | ■ |
| 14 | | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | |
| 19 | | | ■ | 20 | | | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 20 जून 2001 को इन्हें पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनाया गया (8)
7. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
8. शैलीकार को यह भी कहते है (4)
11. ये छत्रपति शिवाजी के गुरू थे (4)
13. किन्हीं दो स्थानों के बीच दूर तय करने वाली विभक्ति, पर्यंत (2)
14. माता का वह दुलार या लाड़-प्यारजो उसकी संतान पर होता है (3)
15. रामायणनुसार यह सुग्रीव का भ्राता तथा अंगद का पिता था, कान में पहनने का आभूषण, कर्ण श्रृंगार (2)
17. कार्य या शक्ति का मात्रक (2)
18. दायक, देने वाला (2)
19. आरजू, तमन्ना, हसरत, आकांक्षा (3)
20. आलोकित, दीप्त, चमकता हुआ (4)
21. फतह (2)
22. सड़क पथ, मार्ग (2)

**ऊपर से नीचे**

1. जनदग्नि के पुत्र जो ईश्वर के सोलहवें अवतार माने जाते है, वैशाख शुक्ल तीज को इनकी जयंती मनाई जाती है (5)
2. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
3. तनख्वाह या वेतन देने वाला (5)
4. किसी मंत्र आदि को बारंबार दोहराना, नाम स्मरण (2)
5. गठरी, पोटली, बंडल, मोटरी (3)
6. भिक्षुक, संयासी, दरवेश, भिखमंगा (3)
9. रंग-बिरंगे पंख वाला कीट, इसे चित्रपतंग भी कहते है (3)
10. काग, कौआ (2)
12. ममतापूर्ण, माता के लाड़-प्यार से भरा हुआ (5)
15. रामायण का एक भाग जिसमें श्रीराम के बाल्यकाल का वर्णन है (4)
16. औलाद, संतति, पुत्र या पुत्री (3)
18. जो रिश्तें में बेटी का पति हो, जंवाई (3)
19. बटन का घर, कार्य, मंगलोत्सव (2)

### वर्ग पहेली 5552 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | हु | ल | गां | धी | ■ | ना | ते |
| म | त | ■ | धा | र | क | ■ | ज |
| च | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| रि | वा | ज | ■ | ■ | न | मा | ना |
| त | ■ | बू | टा | ■ | ज | ल | न |
| मा | हि | र | ■ | क | र | ■ | क |
| न | त | ■ | ■ | पा | बं | दी | ■ |
| स | ■ | ■ | फ | ल | द | ■ | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन खुशियों से भरा रहेगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। आपकी तरक्की होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। किसी डिबेट में आपकी जीत हो सकती है। आपको बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेनी पड़ सकती है और आपको उससे लाभ होगा।

### वृष

आज दिन का आरंभ शुभ अवसरों के साथ होगा। आपका दिन आज व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को हल करने में बीतेगा और किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है, बशर्ते आप पूरी मेहनत और लगन से जुट जाएं। प्यार के मामले में दिन ठीक है और कारोबार में आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

### मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आप दूसरों के इमोशंस को पहचानें और उनके अनुसार चलें तो आपको लाभ होगा। कभी कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परहेज नहीं है। ऑफिस में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी कठिन प्रॉब्लम का हल निकालने में सफल हो पाएंगे।

### कर्क

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और आपके पास कारोबार में लाभ हासिल करने के कई शानदार अवसर आएंगे। आपकी तरक्की होगी और किस्मत चमकेगी। आपके पास खुद को साबित करने के कई मौके आएंगे। उन मौके को पहचानकर उन पर खरा उतरना आपकी जिम्मेदारी है।

### सिंह

आज दिन सामान्य रहेगा और किसी दोस्त या रिश्तेदार को दिया गया छोटा मोटा कर्ज आपको वापस मिल सकता है। आज आपको दिन से पहले हिस्से में दूसरों की आर्थिक मदद करने में ही अपना समय गुजारना पड़ सकता है। किसी कठिन समस्या का हल निकल आएगा।

### कन्या

आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा। आपके ऊपर ढेर सारी जिम्मेदारियां निभाने का दिन है। घर के सभी पुराने लटके हुए काम पूरे होंगे और आपकी तरक्की होगी। दिन के दूसरे हिस्से में आपको अपने दोस्तों का भरपूर साथ मिलेगा।

### तुला

आज दिन सफलता से भरा होगा और धन लाभ के साथ ही कारोबार में आपकी तरक्की होगी। आप पुराने कर्ज को चुकाने में आपको सफलता प्राप्त होगी। आप अपनी जेब का ख्याल रखें और फालतू खर्च करने से बचें। जरूरी सामान की शापिंग करनी पड़ सकती है।

### वृश्चिक

आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपके लिए लाभ के साथ ही तरक्की के योग भी बन रहे हैं। आपको दिन के पहले हिस्से में कुछ जरूरी फोन कॉल्स और ईमेल्स का जवाब देना पड़ सकता है और आप उसी में काफी बिजी रहेंगे। कोई पुराना दोस्त अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है।

### धनु

आज ऑफिस के मामले में लाभ होगा। आपको आपके कर्मक्षेत्र यानी ऑफिस में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। किसी क्रिएटिव काम को करने में आपकी रुचि काफी बढ़ेगी। जरूरी सामान की खरीद करने में दिन बीतेगा। घर में बड़े बुजुर्गों से बहसबाजी में न उलझें तो आपको लाभ होगा।

### मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके अंदर एक नई शक्ति और एनर्जी रहेगी। किसी लव अफेयर को लेकर भी आप काफी एक्साइटेड रहेंगे। दिल की बात जुबान पर लाने का यह सबसे अच्छा समय है। ऑफिस में आपके प्रमोशन या सैलरी बढ़ाने की बात चल रही है।

### कुंभ

आज दिन तरक्की से भरा होगा और आपको दिन के पहले हिस्से में आपको छुटपुट धन का लाभ होने की संभावना है। कोई भी नौकरी शुरुआत में छोटी या बड़ी नहीं होती। आपको अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए। आपको लाभ और हर कार्य में मनचाहा फल मिलने से आपकी तरक्की होगी और मन प्रसन्न होगा।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप अपने जरूरी कार्य को पहले पूरा करेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं। अपना काम करते रहें। सफलता एक दिन जरूर आपके कदम चूमेगी। आप अपने सोशल सर्कल में मेलजोल बढ़ाने में कामयाब होंगे। आपको लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अहमदाबाद में होटल का कमरा रात भर के लिए बुक करने की कीमत 50 हजार, आखिर ऐसा क्या हो गया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले का अहमदाबाद में कॉन्सर्ट होने वाला है। इससे पहले शहर में होटलों के कमरे बहुत महंगे हो गए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने एक्स पर कई सारे स्क्रीनशॉट्स शेयर किए हैं। इनमें देखा जा सकता है कि कैसे अहमदाबाद में होटल का एक कमरा रातभर के लिए बुक करने पर 50 हजार रुपये तक देना पड़ा रहा है। कोल्डप्ले कॉन्सर्ट अगले साल 25 जनवरी को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है। इससे पहले मुंबई में इस बैंड के तीन शो हो चुके हैं। अहमदाबाद में आलम यह है कि कॉन्सर्ट की तारीख और उसके आसपास के दिनों में होटल बुकिंग बहुत महंगी हो गई है। स्पंदना नाम की एक्स यूजर ने इसे लेकर कहा, 'अहमदाबाद में 24-25 जनवरी के लिए किसी भी होटल की कीमत 50 हजार रुपये से कम नहीं है। अगर आपको पैसे बचाने हैं तो वडोदरा में रुकिए और यात्रा करके अहमदाबाद जाइए।' प्रीति जैन नाम की इंटरनेट यूजर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, अहमदाबाद के एक होटल में रात भर रुकने के लिए 53,200 रुपये देने होंगे। मयूर जोशी नाम के शख्स ने लिखा, 25 जनवरी को होने वाले कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के चलते अहमदाबाद के होटलों की कीमतें 10 गुना से अधिक बढ़ गई हैं। होटल बुक करने की कोशिश कर रहे लोगों को शुभकामनाएं। दूसरे कई इंटरनेट यूजर्स ने भी कमेंट किए हैं और होटल की बढ़ी कीमतों पर चिंता जताई है। दूसरी ओर, महाराष्ट्र पुलिस की साइबर शाखा ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग वेबसाइट बुकमाइशो को नोटिस जारी किया है। इसमें जनवरी में आयोजित होने वाले कोल्डप्ले के संगीत समारोह और अन्य कार्यक्रम के लिए नाम आधारित टिकट की बिक्री सहित अन्य सख्त कदम उठाने को कहा है। ऑनलाइन मंचों से टिकट खरीदने वाले प्रशंसकों का शोषण रोकने के मकसद से महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने यह नोटिस जारी किया है। ऑनलाइन और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से ऐसे लोकप्रिय संगीत समारोहों और कार्यक्रमों की टिकट बुकिंग में आने वाली समस्याओं के बारे में शिकायतों की संख्या बढ़ रही है।



### ड्रग्स, शराब वाले गानों को लेकर दिलजीत दोसांझ को तेलंगाना सरकार का नोटिस; बच्चों पर भी चेतावनी

**हैदराबाद , एजेंसी।** दिलजीत दोसांझ को शुक्रवार 15 नवंबर को हैदराबाद में होने वाले अपने शो से पहले तेलंगाना सरकार से नोटिस मिला है। मशहूर गायक अभिनेता को नोटिस जारी कर कहा गया है कि वे इस कार्यक्रम में ऐसे गाने न गाएं जो शराब, ड्रग्स या हिंसा को बढ़ावा देते हों। नोटिस में दोसांझ को अपने शो के दौरान 'बच्चों का उपयोग' न करने की चेतावनी भी दी गई है। इसमें आगे कहा गया है कि कॉन्सर्ट के दौरान तेज आवाज और चमकती रोशनी बच्चों के लिए हानिकारक है। दिलजीत दोसांझ का हैदराबाद कॉन्सर्ट देश भर के 10 शहरों में उनके दिल-लुमिनाती टूर का हिस्सा है यह नोटिस रंगारेड्डी में महिला और बाल, विकलांग और वरिष्ठ नागरिक कल्याण विभाग के जिला कल्याण अधिकारियों ने जारी किया है। नोटिस में वीडियो सबूत पेश कर कहा गया है कि दलजीत दोसांझ ने पिछले महीने नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक लाइव शो के दौरान शराब, ड्रग्स और हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने गाए थे। दिलजीत दोसांझ के दिल-लुमिनाती टूर का भारत चरण मुंबई, कोलकाता, इंदौर, पुणे और गुवाहाटी सहित 10 शहरों को कवर करेगा। दिलजीत ने अपने दौरे की शुरुआत दिल्ली में एक मेगा शो के साथ की थी। दिल्ली के शो में एक ही दिन में 35,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था। वहीं उनके कॉन्सर्ट की लोकप्रियता के बीच फैंस के साथ टिकट को लेकर धोखाधड़ी की खबरें भी सामने आई थी। जयपुर कॉन्सर्ट में दिलजीत ने फर्जी टिकट घोटाले के लिए दर्शकों से माफी भी मांगी। मामले पर बात करते हुए दिलजीत दोसांझ ने कहा, अगर कोई टिकट में धोखाधड़ी का शिकार हुआ है तो मैं उससे माफी मांगता हूं। हमने ऐसा नहीं किया है। अधिकारी फिलहाल मामले की जांच कर रहे हैं। फर्जीवाड़े में शामिल लोगों से दूर रहें। दिलजीत दोसांझ के दिल-लुमिनाती टूर का आखिरी शो 29 दिसंबर को गुवाहाटी में होगा।



### सुरक्षा की गई थी कमज हरियाणा विधानसभा में उठा अनिल विज के खिलाफ साजिश का मुद्दा

**चंढीगढ़ , एजेंसी।** हरियाणा सरकार में ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने चुनाव के दौरान जान का खतरा होने का दावा कर चौंका दिया है। विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अपनी जान को खतरा होने की बात करते हुए अनिल विज ने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने मुख्य सचिव को एक चिट्ठी भी लिखी थी लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए अनिल विज ने कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्य सचिव को लिखित रूप से जान को खतरा होने की जानकारी दी थी। पिछले सप्ताह विज ने दावा किया था कि स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने उनके खिलाफ साजिश रची थी। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के दौरान उनकी सुरक्षा कम कर दी गई थी।

# देवेंद्र फडणवीस ने माना- रिजल्ट के बाद ही पता चलेगा कौन किसके साथ, सीएम पद पर भी बोले



**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र में कभी 4 राजनीतिक दल हुआ करते थे, लेकिन शिवसेना और एनसीपी में बंटवारे के चलते 6 पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। इस बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या चुनाव के बाद भी यही तस्वीर बनी रहेगी या कुछ दल पालाबदल भी कर सकते हैं। अजित पवार की पार्टी ने इसके संकेत भी दिए हैं और कहा है कि असली तस्वीर चुनाव के बाद ही सामने आएगी। इस बीच डिप्टी सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने भी स्वीकार किया है कि चुनाव के बाद कुछ भी हो सकता है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि विधानसभा चुनाव 'अजब' है और 23 नवंबर को परिणाम घोषित होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि कौन गुट किसका समर्थन कर रहा है। फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा और भाजपा के गठबंधन 'महायुति' को कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) पर बढ़त हासिल है। फडणवीस ने कहा, 'ये चुनाव अजीब हैं। हमें नतीजों के बाद ही पता चलेगा कि कौन किसके साथ है। महायुति के भीतर भी आंतरिक विरोधाभास है।' उन्होंने दावा किया कि एमवीए को भी इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। फडणवीस ने कहा कि उनकी पार्टी का नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' एमवीए के चुनाव प्रचार अभियान के जवाब में गढ़ा गया है। भाजपा नेता ने दावा किया कि उनके सहयोगियों अशोक चव्हाण और पंकजा मुंडे के साथ-साथ उप मुख्यमंत्री अजित पवार इसके 'मूल' अर्थ को समझने में विफल रहे। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बार-बार इस्तेमाल किए जाने वाले इस नारे ने विपक्ष को इसकी निंदा करने के लिए एकजुट कर दिया है। विपक्ष का दावा है कि इस नारे के सांप्रदायिक निहितार्थ हैं, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ नेताओं ने भी इस पर आपत्ति जताई है। फडणवीस ने कहा कि 'बंटेंगे तो कटेंगे' कांग्रेस नीत महाविकास आघाडी के विभाजनकारी चुनाव प्रचार अभियान के जवाब में गढ़ा गया नारा है। इस नारे का मूल संदेश यह है कि 'सभी को एक साथ रहना होगा।' फडणवीस ने कहा, 'इस नारे का मतलब यह नहीं है कि हम मुस्लिमों के खिलाफ हैं। हमने यह नहीं कहा कि लाडकी बहिन योजना का लाभ मुस्लिम महिलाओं को नहीं दिया जाएगा।' उन्होंने दावा किया, 'बंटेंगे तो कटेंगे' भी कांग्रेस और एमवीए के तुष्टिकरण का जवाब है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान 'वोट जिहाद' का प्रयोग किया और मस्जिदों में पोस्टर लगाए गए, जिसमें लोगों से एक विशेष पार्टी को वोट देने का आग्रह किया गया। यह किस तरह की धर्मनिरपेक्षता है।

**सीएम बनने के सवाल पर बोले- जीना यहां, मरना यहां :** इस दौरान देवेंद्र फडणवीस ने चुनाव बाद खुद के सीएम बनने की संभावनाओं पर भी बात की। उनसे पूछा गया कि क्या आपका प्रमोशन होगा? इस सवाल को वह हंसकर टाल गए। लेकिन यह भी कहा, भाजपा मुझसे जो भी करने को कहेगी, मैं वह करूंगा। 'जीना यहां, मरना यहां, इसके सिवा जाना कहां।' भाजपा जहां भी जाने को कहेगी, मैं वहां जाऊंगा।'

## यह तो देश का इतिहास रहा है; योगी के बंटेंगे तो कटेंगे पर फडणवीस की मुहर, पंकजा मुंडे ने जताया था ऐतराज



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का नारा बंटेंगे को कटेंगे गूंज रहा है। एक पक्ष इसे गलत मानता है तो वहीं भाजपा का कहना है कि यह नारा समाज को अलर्ट करने वाला है कि बंटना गलत होगा। इस बीच राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इसे इतिहास से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि इस नारे में कुछ भी गलत नहीं है। भारत का यह इतिहास ही रहा है कि जब भी बंटे तो देश का नुकसान हुआ। उनकी यह टिप्पणी अहम है क्योंकि पंकजा मुंडे और अशोक चव्हाण जैसे भाजपा नेताओं ने इसे गैर-जरूरी करार दिया था। फडणवीस ने कहा, मैं योगी जी के इस नारे में कुछ भी गलत नहीं देखता। भारत के इतिहास को ही देखिए। जब-जब बंटे हैं, तब गुलाम बने हैं। यह देश जब भी जातियों, राज्यों, समुदायों में बंटा है तो उसे गुलाम बनना पड़ा है। इस देश का भी विभाजन हुआ है। इसलिए यदि हम बंटे तो कट जाएंगे। यह भारत का इतिहास है। वह कहते हैं कि इस इतिहास को देखें तो पता चलेगा कि नारा कैसे सही है। यदि कोई कहता है कि हमें बंटना नहीं है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं दिखता। इस पर सवाल उठाने का कोई मतलब नहीं है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से यह कहे जाने पर कि विपक्ष ओबीसी को बांटने की कोशिश कर रहा है को लेकर भी फडणवीस ने रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका में अपने एक बयान से इस बात का संकेत दिया था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका में इसका संकेत दिया था। मैं सोचता हूं कि राहुल गांधी ने गलती की है। वह नहीं जानते कि मीडिया हर जगह मौजूद है। इसलिए वह अमेरिका गए और वहां रिजर्वेशन एवं संविधान को लेकर बयान दे आए। उनकी मानसिकता उजागर हो गई। इसके अलावा आप देखेंगे कि वह जिस तरह जातियों में लोगों को बांट रहे हैं। उससे इरादे पता चलते हैं। महाराष्ट्र में तो 350 ओबीसी जातियां हैं।

## पाली में भीषण हादसा, महाराष्ट्र के कारोबारी का पूरा परिवार खत्म ; ये गलती भारी पड़ गई

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में भीषण सड़क हादसा में 5 लोगों की मौत हो गई है। कार में महाराष्ट्र के कोडोली जिला के कोल्हापुर निवासी कारोबारी का परिवार था। हादसे में कारोबारी बाबूराव, उनकी पत्नी सारिका, बेटी साक्षी, बेटा संस्कार की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के दो अन्य सदस्य चिन्मय और प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से भी आज सवेरे एक अन्य ने दम तोड़ दिया। सांडेराव थाना पुलिस ने बताया कि केनपुरा गांव के नजदीक बीती रात सड़क हादसा हुआ। हाइवे पर एक कार तेज रफ्तार में थी कि सामने मवेशी आ गया और कार पलट गई। गुरुवार रात भीषण सड़क हादसा हुआ है। कार में सवार छह लोगों में से पांच की मौत हो गई है और बाकि बचे हुए परिवार के एक सदस्य की हालत बेहद ही गंभीर है। हादसे की वजह सड़क पर अचानक सामने आने वाला मवेशी था। मवेशी के सामने आने के कारण अचानक ब्रेक लगाए गए और कार पलट गई। पुलिस ने देर रात ही परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी सूचना दी है और वहां से परिवार के लोग आज पाली पहुंच रहे हैं। परिवार के सदस्यों से बातचीत के आधार पर पुलिस ने बताया कि कोल्हापुर निवासी बाबूराव अपने परिवार के छह सदस्यों के साथ राजस्थान के सिरोही इलाके में आए थे।

# 'सरपंच बाबू के सामने कटोरा लेकर जाए'; सुप्रीम कोर्ट ने महिला सरपंच को किया बहाल, छत्तीसगढ़ सरकार पर ठोका जुर्माना

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एक सुदूरवर्ती गांव की निर्वाचित महिला सरपंच को 'अनुचित कारणों' से हटाने पर नाखुशी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि सरपंच ''बाबू (नौकरशाह) के सामने भीख का कटोरा लेकर जाए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने जशपुर जिले के एक गांव की महिला सरपंच सोनम लकड़ा को हुए मानसिक उत्पीड़न के लिए राज्य सरकार पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है, जिसका भुगतान चार सप्ताह में किया जाना है। बेंच ने कहा कि यह एक निर्वाचित सरपंच को हटाने में अधिकारियों की ओर से की गई मनमानी का मामला है, एक युवा महिला जिसने छत्तीसगढ़ के एक सुदूर क्षेत्र में अपने गांव की सेवा करने के बारे में सोचा था। बेंच ने कहा कि उसकी प्रतिबद्धताओं की प्रशंसा करने या उसके साथ सहयोग करने अथवा उसके गांव के विकास के लिए उसके प्रयासों में मदद करने के बजाय, उसके साथ बिल्कुल अनुचित व्यवहार किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्माण सामग्री की आपूर्ति और निर्माण कार्य पूरा होने में देरी के कारण उसे सरपंच के पद से हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करने को 'बेकार का बहाना' करार दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा, ''निर्माण कार्यों में इंजीनियर, ठेकेदार और सामग्री की समय पर आपूर्ति के अलावा मौसम की अनिश्चितताएं शामिल होती हैं और इसलिए, निर्माण कार्यों में देरी के लिए सरपंच को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जब तक कि यह नहीं पाया जाता कि काम के आवंटन या सौंपे गए किसी विशिष्ट कर्तव्य को करने में देरी हुई थी।''



बेंच ने कहा कि हम संतुष्ट हैं कि कार्यवाही शुरू करना एक बेबुनियाद बहाना था और अपीलकर्ता को झूठे बहाने से सरपंच के पद से हटा दिया गया। शीर्ष अदालत ने उप-संभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा पारित निष्कासन आदेश को रद्द करते हुए महिला को उसका कार्यकाल पूरा होने तक सरपंच के पद पर बहाल कर दिया। बेंच ने कहा, ''चूंकि अपीलकर्ता को परेशान किया गया है और उसे टालने योग्य मुकदमेबाजी का सामना करना पड़ा है, इसलिए हम उसे 1 लाख रुपये अदा किए जाने का आदेश देते हैं, जिसका भुगतान छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा चार सप्ताह के भीतर किया जाएगा।'' बेंच ने कहा कि राज्य महिला को परेशान करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से राशि वसूलने के लिए स्वतंत्र है।

## अब ट्रैफिक संभालते नजर आएंगे ट्रांसजेंडर्स, स्पेशल यूनिफॉर्म और मिलेगी अच्छी सैलरी; इस राज्य का फैसला

**हैदराबाद , एजेंसी।** हैदराबाद में ट्रैफिक वालंटियर्स के तौर पर ट्रांसजेंडरों की नियुक्ति होने वाली है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को यह निर्देश जारी किया। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, होम गार्ड के समान ही ट्रांसजेंडरों के लिए स्पेशल ड्रेस कोड होगा और उन्हें निश्चित वेतन दिया जाएगा। फिलहाल, यह भर्ती प्रयोग के तौर पर जा रही है। माना जा रहा है कि इससे शहर में यातायात उल्लंघन के बढ़ते मामलों को कम करने में मदद मिलेगी। ड्रंक ड्राइविंग चेकप्वॉइंट्स और दूसरे हाई-ट्रैफिक इलाकों में इनकी तैनाती की जाएगी, जो काफी कारगर साबित हो सकती है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में कहा गया, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को हैदराबाद शहर में बढ़ती यातायात समस्याओं पर चिंता जताई। इसके समाधान के लिए उन्होंने यातायात स्वयंसेवकों के रूप में ट्रांसजेंडरों की नियुक्ति करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री रेड्डी ने अधिकारियों से निर्देश दिया कि पहले चरण में हाई-ट्रैफिक जोन्स में ट्रांसजेंडरों को तैनात किया जाए। सिग्नल जंपिंग वाली जगहों पर होम गार्ड की तर्ज पर ट्रांसजेंडरों की सेवाएं ली जा सकती हैं। सीएम रेड्डी ने अधिकारियों से कहा कि ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग प्वाइंट्स पर ट्रांसजेंडरों की तैनाती कीजिए। प्रयोग के तौर पर लागू करने का निर्देश विज्ञप्ति में कहा गया, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द इसे प्रयोगात्मक तौर पर लागू करने का निर्देश दिया है। दूसरी ओर, सीएम रेवंत रेड्डी ने राज्य विधानसभाओं में युवाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए विधानसभा चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु 25 से घटाकर 21 वर्ष करने की वकालत की। रेड्डी ने बताया कि 21 वर्षीय आईएएस और आईपीएस अधिकारी जिलों में सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं और उनका मानना है कि इसी उम्र के युवा विधायक भी बन सकते है। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित मॉक असेंबली में बोलते हुए उन्होंने कहा, मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई है, जबकि विधानसभा चुनाव लड़ने की आयु 25 वर्ष है।



## नाबालिग पत्नी के साथ सहमति से किया सेक्स भी है रेप, बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने कहा है कि अगर पत्नी की उम्र 18 साल से कम है, तो सहमति से यौन संबंध बनाने वाले के खिलाफ भी रेप का मामला दर्ज हो सकता है। उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि को बरकरार रखा है। दोषी का तर्क था कि पीड़िता के साथ यौन संबंध सहमति से बनाए गए थे और उस समय वह उसकी पत्नी थी। ऐसे में इसे बलात्कार नहीं कहा जा सकता है। जस्टिस गोविंद सनप की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, 12 नवंबर को जारी आदेश में जज ने कहा, एपेक्स कोर्ट की ओर से निर्धारित कानून के मद्देनजर यह बात स्वीकार नहीं की जा सकती कि अपीलकर्ता का पीड़ित पत्नी के साथ यौन संबंध बनाना बलात्कार या यौन हिंसा नहीं माना जाएगा। यह बताना जरूरी है कि 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ संभोग करना बलात्कार है, फिर चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं। अदालत ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को देखते हुए इस मौजूदा मामलें में पत्नी के साथ सहमति से यौन संबंध के बचाव तर्क को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अगर ऐसा मान भी लिया जाए कि दोनों के बीच तथाकथित विवाह हुआ था, तो भी पीड़िता की तरफ से आरोपों के मद्देनजर कि कि यौन संबंध उसकी सहमति के बगैर बने थे, इसे रेप माना जाएगा।

**क्या था मामला :** 9 सितंबर 2021 को वर्धा जिले के ट्रायल कोर्ट ने युवक को दोषी पाया था। अब उसने हाईकोर्ट में आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। अपीलकर्ता को नाबालिग लड़की की शिकायत के बाद 25 मई 2019 को गिरफ्तार किया गया था। खास बात है कि उस समय लड़की 31 सप्ताह की गर्भवती थी। पीड़िता का कहना था कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था और अपीलकर्ता ने उसके साथ जबरन यौन संबंध बनाए और शादी का झूठा वादा कर इसे जारी रखा। गर्भवती होने के बाद पीड़िता ने अपीलकर्ता से शादी करने के लिए कहा था। इसके बाद उसने एक घर किराए पर लिया और पड़ोसियों की मौजूदगी में हर पहनाए और भरोसा दिलाया कि वह उसकी पत्नी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इसके बाद उसने शिकायतकर्ता से अबॉर्शन कराने के लिए जोर डाला। हालांकि, पीड़िता ने इससे इनकार कर दिया था और मारपीट के आरोप लगाए। जब आरोपी ने पीड़िता को उसके माता-पिता के घर पर पीट, तब उसे एहसास हुआ कि अपीलकर्ता ने शादी का दिखावा किया है और उसका शोषण किया है। ट्रायल कोर्ट में क्रॉस एग्जामिनेशन में पीड़िता ने स्वीकार किया है कि उसने बाल कल्याण समिति में शिकायत की है। साथ ही तस्वीरों के हवाले से अधिकारियों को बताया था कि वह उसका पति है। अब इसके आधार पर अपीलकर्ता ने कहा था कि यौन संबंध सहमति से बने थे।

# हमलावरों ने बर्बाद कर दिया भारत का विज्ञान, 1000 सालों में सोच ही खत्म हो गई: नारायणमूर्ति

**बेंगलुरु , एजेंसी।** आईटी कंपनी इन्फोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति का कहना है कि भारत यदि विज्ञान पिछड़ गया तो इसकी वजह यह रही 1000 साल तक हमलावरों का राज रहा। उन्होंने कहा कि 1000 साल की अवधि में भारत को विज्ञान में पीछे रह गया और यहां माहौल ऐसा रहा कि युवाओं की उस दिशा में सोच ही विकसित नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि 1000 ईसवी से 1947 तक का काल ऐसा था, जिसमें साइंस को लेकर सोच विकसित नहीं हो सकी। इस दौरान साइंस को लेकर विचार नहीं पनपा और विश्लेषणात्मक सोच का अभाव रहा। यही कारण रहा कि इस अवधि में भारत में नवाचार, आविष्कार या शोध नहीं दिखते। नारायणमूर्ति ने 2024 इन्फोसिस साइंस प्राइजेज सेरेमनी के दौरान दिए वर्चुअल भाषण में ये बातें कहीं। इजरायल के पूर्व नेता शिमोन पेरेज के भाषण का भी उन्होंने जिक्र किया। पेरेज ने कहा था, इज़राइल में हमने अपनी सबसे बड़ी धरोहर को पहचाना है और वह हमारा दिमाग। हमने रचनात्मकता, नवाचार और नए आविष्कारों के माध्यम से बंजर रेगिस्तानों को फलते-फूलते खेतों में बदल दिया और विज्ञान और प्रौद्योगिकी को नई ऊंचाइयां दीं और दुनिया का नेतृत्व किया। मूर्ति ने कहा किसी भी देश के विकास के लिए ऐसे विचार क्रांतिकारी हैं। इसके आगे वह कहते हैं कि इतिहास बताता है कि एक दौर में भारत गणित, विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, इंजीनियरिंग, मेडिसिन और सर्जरी में अग्रणी था। वैदिक काल से तब तक ऐसी स्थिति थी, जब तक हमलावरों ने भारत पर आकर कब्जा नहीं किया। 700 से 1520 ई. तक उज्बेकिस्तान से अफगानिस्तान तक के हमलवारों ने अटैक किए और यहां सत्ता भी कायम की। इसके बाद अंग्रेज आ गए, जिन्होंने भारत को अपना उपनिवेश ही बना लिया था। उन्होंने कहा कि जो हमलावर आए थे, उनका साइंस, मैथ से कोई लेना-देना नहीं था। हालांकि उनकी तुलना में अंग्रेजों ने भारतीयों को महत्वाकांक्षी कामों के लिए कुछ हद तक प्रोत्साहित भी किया। वह कहते हैं कि हमारी प्रोग्रेस धीमी रही है। इसका कारण था कि हमारी युवा पीढ़ी पर बीते दौर की छाप थी। जिज्ञासु दिमागों की कमी हो गई। विश्लेषणात्मक सोच एवं नवाचार का विचार पहले जैसा नहीं रहा। समस्या को समझना और उसका हल निकालना, यह विचार कम दिखा। वह कहते हैं कि स्वतंत्रता के बाद भारत में विज्ञान की दोबारा शुरुआत हुई और इतने कम अरसे में ही हमने दिखाया है कि साइंस के माध्यम से क्या-क्या बदला जा सकता है। इसे अभी और विस्तार देने की जरूरत है।



## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पूर्व भारत को झटका, केएल राहुल के लगी चोट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से पूर्व भारतीय टीम के इंट्रा-स्क्वाड मैच सिमुलेशन के दौरान चोट लगने के बाद रिटायर हर्ट होना पड़ा। राहुल को फिजियो की देखरेख में मैदान से बाहर जाते हुए देखा गया। मैदान से बाहर निकलते हुए उनकी तस्वीरें तुरंत वायरल हो गई क्योंकि चोट ने उनके फॉर्म को लेकर चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

सीरीज का पहला टेस्ट 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगा। राहुल का प्रदर्शन जांच के दायरे में रहा है, खासकर न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उनके संघर्ष के बाद जहां भारत को 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरू में आयोजित उस सीरीज में अपने एकमात्र टेस्ट में राहुल 0 और 12 के स्कोर पर आउट हो गए जिसके कारण उन्हें अगले दो टेस्ट से बाहर कर दिया गया।

राहुल, अभिमन्या ईश्वरन के साथ, पहले बीजीटी टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के जोड़ीदार बनने की दौड़ में हैं, कप्तान रोहित शर्मा के अनुपलब्ध रहने की संभावना है क्योंकि उनकी पत्नी दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए के मैच में राहुल का खराब दौर जारी रहा जहां उन्होंने केवल 4 और 10 रन बनाए। बढ़ते दबाव के साथ राहुल अपनी फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि भारत चुनौतीपूर्ण ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखना चाहता है। भारत ऑस्ट्रेलिया में अपनी लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीत का लक्ष्य बना रहा है।

## प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हुए सरफराज, पहले मैच की प्लेइंग इलेवन के लिए हैं बड़े दावेदार!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच पर्थ में 22 नवंबर से खेला जाना है। इस टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया जमकर अभ्यास कर रही है, लेकिन प्रैक्टिस सेशन के दौरान टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान 14 नवंबर यानी गुरुवार को चोटिल हो गए।

प्रैक्टिस के दौरान सरफराज खान के दाहिनी कोहली पर चोट लग गई। इस वायरल वीडियो में सरफराज खान अपनी कोहली को पकड़कर नेट से बाहर निकलते हुए दिख रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक चोट लगने के बाद उन्हें अन्य किसी तरह की परेशानी ना हो इसकी वजह से वो नेट छोड़कर चले गए।

वहीं बाद में सरफराज खान को टीम के अन्य सदस्यों के साथ वक्त बिताते हुए देखा गया और उन्होंने शुभमन गिल से लंबी बातचीत भी की। सरफराज खान 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले टेस्ट मैच में प्लेइंग इलेवन के दावेदार भी हैं।

सरफराज खान नंबर 6 के लिए परफेक्ट हैं, लेकिन उन्हें केएल राहुल और ध्रुव जुरैल से कड़ी टक्कर मिल सकती है। हालांकि सरफराज पहले टेस्ट मैच का हिस्सा होंगे या नहीं इस पर आखिरी फैसला टीम मैनेजमेंट को करना है।

वहीं सरफराज को टीम में जगह मिलेगी या नहीं ये रोहित शर्मा की उपलब्धता पर भी निर्भर करता है। माना जा रहा है कि अगर रोहित शर्मा पर्थ टेस्ट मैच में नहीं खेलते हैं तो इस बात की संभावना है कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल टीम के लिए ओपन कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो फिर ध्रुव जुरैल और सरफराज खान में से कोई एक प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होगा।



### आईपीएल नीलामी से पहले अंशुल कम्बोज का कहर

## प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1 पारी में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय बने

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गये। इस 23 वर्षीय गेंदबाज ने केरल के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर 10 विकेट लिए।

रणजी ट्रॉफी में अंशुल कम्बोज से पहले बंगाल के प्रेमांगशु चटर्जी (20 रन देकर 10 विकेट, बंगाल बनाम असम, 1956) और राजस्थान के प्रदीप सुंदरम (78 रन देकर 10 विकेट, राजस्थान बनाम विदर्भ, 1985) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अंशुल कम्बोज कुल मिलाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बने।

अनिल कुंबले, सुभाष गुप्ते और देबाशीष मोहंती इस सूची में शामिल अन्य गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल दो विकेट की जरूरत थी।

उन्होंने बासिल थम्पी और शॉन रोजर के विकेट लेकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी शानदार गेंदबाजी से हरियाणा ने केरल को पहली पारी में 291 रन पर आउट कर दिया। इस दौरान कम्बोज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 50 विकेट भी पूरे किए।

## न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा की

### केन विलियमसन की वापसी



**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड),एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा की जिसमें पूर्व कप्तान केन विलियमसन अपनी चोट से उबरने के बाद टेस्ट टीम में वापस आ गए। विलियमसन सितंबर में श्रीलंका के खिलाफ लगी कमर की चोट से जूझ रहे हैं और हाल ही में भारत में हुई सीरीज में भी नहीं खेल पाए थे, जिसमें न्यूजीलैंड ने रोहित शर्मा की टीम को 3-0 से हराया था।

विलियमसन पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और 28 नवंबर को क्राइस्टचर्च में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के लिए टीम का हिस्सा हैं। टॉम लाथम कप्तान बने रहेंगे और उन्हें अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी के साथ टीम में शामिल किया गया है जिन्होंने शुक्रवार को मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान के पूरा होने पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की योजना की घोषणा की। यह हैमिल्टन में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले हो सकता है क्योंकि ब्लैक कैप्स को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में शीर्ष दो स्थानों पर रहने और अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए क्वालीफाई करने के लिए इंग्लैंड पर क्लीन स्वीप की आवश्यकता होगी।

न्यूजीलैंड की टीम में तेज गेंदबाज बेन सियर्स (घुटने) और काइल जैमीसन (पीठ) के लिए कोई जगह नहीं है क्योंकि वे चोट से उबर रहे हैं, बल्लेबाज मार्क चैपमैन ने विलियमसन के लिए जगह बनाई है, जबकि स्पिन जोड़ी एजाज पटेल और ईश सोढ़ी के लिए कोई जगह नहीं है, हालांकि भारत के खिलाफ हाल ही में कुछ अच्छे प्रदर्शन हुए हैं। साथी स्पिनर मिशेल सेंटनर को सीरीज के दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए शामिल किया गया है क्योंकि वह साइड स्ट्रेन से उबर रहे हैं जिसके कारण उन्हें भारत के खिलाफ तीसरा टेस्ट छोड़ना पड़ा था जबकि गेंदबाजी ऑलराउंडर नाथन स्मिथ को न्यूजीलैंड में घरेलू स्तर पर कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स इंग्लैंड ने आईसीसी के हवाले से कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह टीम के लिए बड़ी सीरीज है और टिम साउथी जैसे खिलाड़ी को विदाई देना इसे और भी महत्वपूर्ण बना देता है। टिम का करियर शानदार रहा है और वह महान ब्लैक कैप्स में से एक के रूप में जाने जाएंगे। मुझे यकीन है कि टीम और जनता टिम को इस बहुप्रतीक्षित सीरीज में शानदार विदाई देना चाहेंगे।

### सीरीज का शेड्यूल

पहला टेस्ट-28 नवंबर - 2 दिसंबर, हेगले ओवल, क्राइस्टचर्च।

दूसरा टेस्ट - 6-10 दिसंबर, बेसिन रिजर्व, वेलिंगटन।

तीसरा टेस्ट - 14-18 दिसंबर, सेडन पार्क, हैमिल्टन।

**न्यूजीलैंड टीम:** टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेट कीपर), डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, विल ओरुरके, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर (दूसरा और तीसरा टेस्ट), नाथन स्मिथ, टिम साउथी, केन विलियमसन, विल यंग।

## विश्व कप क्वालीफायर में पराग्वे ने अर्जेंटीना को हराया

**असंसियोन, एजेंसी।** पराग्वे ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर वर्ल्ड कप क्वालिफायर में एक रोमांचक जीत हासिल की। एंटोनियो सनाब्रिया और ओमार अल्डेरेटे ने टीम के लिए गोल किए। मैच का पहला गोल करते हुए इंटर मिलान के स्ट्राइकर लुटारो मार्टिनेज ने अर्जेंटीना के लिए पहला गोल किया। उन्होंने एनजो फर्नांडीज के शानदार पास पर दौड़ते हुए गेंद को अपने कंट्रोल में लिया और दूर के कोने में सटीक शॉट मारा। थोड़ी देर बाद, सनाब्रिया ने गुस्तावो वेलास्केज के क्रॉस पर शानदार ओवरहेड वॉली से पैराग्वे के लिए स्कोर बराबर कर दिया। हाफटाइम के तुरंत बाद अल्डेरेटे ने डिएगो गोमेज की फ्री-किक पर हेडर मारकर पैराग्वे को बढ़त दिलाई।



अर्जेंटीना की टीम कोई गोल करने में सफल नहीं हो सकी और उनको मैच 1-2 से गंवाना पड़ा। हालांकि इस हार के बावजूद, अर्जेंटीना 11 मैचों में 22 अंकों के साथ 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी जोन में शीर्ष पर बनी हुई है और वह पैराग्वे से छह अंक आगे है। उल्लेखनीय है कि शीर्ष 6 टीमें 2026 वर्ल्ड कप के लिए सीधा क्वालीफाई करेंगी, जबकि सातवें स्थान की टीम को इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में मौका मिलेगा।

### टिम साउदी का टेस्ट से संन्यास का ऐलान

## इंग्लैंड के खिलाफ हैमिल्टन में खेलेंगे आखिरी मैच

- न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 770 विकेट लिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी इंग्लैंड के खिलाफ 28 नवंबर से शुरू हो रही सीरीज के अंत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। साउदी 15 दिसंबर को हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में अपने घरेलू मैदान पर आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगे। 35 साल के साउदी ने कहा- यदि हमारी टीम फाइनल के लिए क्वालिफाई करती है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा। साउदी तीनों फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के टॉप विकेट टेकर हैं। उनके नाम 770 इंटरनेशनल विकेट दर्ज हैं।



**टिम साउदी का पूरा बयान...**

इंटरनेशनल क्रिकेट में 770 विकेट लिए टिम साउदी न्यूजीलैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। साउदी ने न्यूजीलैंड की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा 770 विकेट लिए हैं। साउदी ने न्यूजीलैंड के लिए अभी तक 104 टेस्ट, 161 वनडे और 125 टी-20 मैच खेले हैं। टेस्ट में 385, वनडे में 221 और टी-20 में 164 विकेट लिए हैं।

साउदी ने 4 वनडे वर्ल्ड कप, 7 टी-20 वर्ल्ड कप, दो चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट और 2019-21 साइकिल के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है।




## तालिबान के कब्जे के बाद पहली बार खेलेंगी टी20 मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में निर्वासन में रह रहीं अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों को आखिरकार एक साथ खेलने का मौका मिलेगा। जनवरी 2025 में मेलबर्न में एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया जाएगा। 30 जनवरी को जंक्शन ओवल में एक टी20 मैच में अफगानिस्तान की महिला इलेवन का सामना क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स इलेवन से होगा।

**महिला एशेज टेस्ट के साथ होगा टी20 मैच:** यह मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में महिलाओं के डे-नाइट एशेज टेस्ट के साथ होगा। महिला एशेज टेस्ट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीम के बीच 30 जनवरी से 2 फरवरी तक खेला जाना है। यह पहला मौका होगा जब तालिबान का कब्जा होने पर अफगानिस्तान छोड़ने के बाद महिला टीम मैदान पर एक साथ नजर आएगी। अफगानिस्तान पर तालिबान का शासन होने के बाद से वहां की महिलाएं क्रिकेट खेलने के अधिकार से वंचित हो गई हैं।

इस संबंध में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले की ओर से शुक्रवार (15 नवंबर 2024) को बयान जारी किया गया।'ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने के बाद से क्रिकेट और समुदाय के कई लोग अफगानिस्तान की महिला टीम के सदस्यों को समर्थन देने के लिए एक साथ आए हैं और यह मैच उनके प्रयासों का जश्न होगा।'

**कैनबरा और मेलबर्न में रहती हैं अफगानिस्तान की महिला क्रिकेटर्स**

ऑस्ट्रेलियाई सरकार अफगानिस्तान की महिला टीम की खिलाड़ियों के लिए अवसर बनाने में शामिल रही है। अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से कैनबरा और मेलबर्न में रहती हैं। अफगानिस्तान में महिलाओं के खेल खेलने पर तालिबान के प्रतिबंध का हवाला देते हुए, ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने 2021 में आयोजित होने वाले एकमात्र टेस्ट को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया था।

इस साल की शुरुआत में, पहले से अनुबंधित 17 महिला खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरणार्थी टीम की स्थापना में मदद के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को पत्र लिखा था।

पत्र में कहा गया है, 'शरणार्थी टीम बनाने का हमारा लक्ष्य अपनी प्रतिभा को विकसित करना और प्रदर्शित करना, अफगानिस्तान में बची महिलाओं को उम्मीद देना और अफगानिस्तान की महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करना है।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया

### सीरीज में बनाई अजय बढ़त

**ग्रॉस आइसलेट, एजेंसी।** साकिब महमूद और जेमी ओवटर्न (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सैम करन (41) और लियम लिविंगस्टन (39) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 मुकाबले में शुक्रवार को तीन विकेट से जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 5.3 ओवर में 37 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। फिल सॉल्ट,कप्तान जॉस बटलर और जेकब बेथेल चार-चार रन बनाकर आउट हुये। विल जैक्स और सैम करन ने पारी संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में गुडाकेश मोती ने विल जैक्स (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सैम करन ने 26 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रनों की पारी खेली। लियम लिविंगस्टन ने 28 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाकर (39) रन बनाए। डैन माउजली(आठ) रन बनाकर आउट हुए।



जेमी ओवटर्न (चार) और रेहान अहमद (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में 149 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। इंग्लैंड के 17 रन देकर तीन विकेट लेने वाले साकिब महमूद को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वेस्टइंडीज की ओर से अकील हुसैन ने चार विकेट लिए।

# दीपिका ने दागे 5 गोल, भारत ने थाईलैंड को 13-0 से रौंदा

**राजगीर (बिहार), एजेंसी।** युवा फॉरवर्ड दीपिका ने पांच गोल किए, जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के अपने तीसरे ग्रुप चरण के मैच में थाईलैंड के खिलाफ 13-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। दीपिका ने तीसरे, 19वें, 43वें, 44वें और 45वें मिनट में गोल किए, जबकि प्रीति दुबे (9', 40'), लालरेमसियामी (12', 56') और ब्यूटी डुंगडुंग (30'), नवनीत कौर (53') और मनीषा चौहान (55', 58') ने भी भारत के लिए अन्य गोल किए।

उल्लेखनीय रूप से, लेलरेमसियामी ने इस मैच में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 150 मैच खेलने का महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया, साथ ही प्रीति दुबे ने 50 मैच पूरे किए। भारत ने पहले क्वार्टर में पूरी ताकत से खेला।

दीपिका ने पहला मौका भुनाया और सर्कल के बीच से रिवर्स टॉमहॉक लॉन्च किया, जो थाईलैंड की गोलकीपर सिराया यिमक्राजंग को चकमा दे गया। थाईलैंड ने बैकलाइन पर गेंद घुमाकर नियंत्रण हासिल करने की कोशिश की, लेकिन भारत ने लगातार गोल करने के मौके बनाते हुए खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। संगीता ने राइट विंग से गेंद को वापस प्रीति दुबे को कट किया, जिन्होंने अपने 50वें मैच में गोल में आसान पुश के साथ भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। गुरुवार को अपने मील के पत्थर का जश्न मना रही लालरेमसियामी ने क्वार्टर में तीन मिनट शेष रहते गोल किया, जब सलीमा टेटे का



शॉट गोल लाइन पर बचा लिया गया था। भारत का शानदार खेल दूसरे क्वार्टर में भी जारी रहा, जहां दो मिनट के अंदर ही उसे पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। हालांकि थाईलैंड ने अपने गोल पर कई प्रयासों को बचाने की कोशिश की, लेकिन दीपिका ने जल्द ही सर्कल में एक ढीली गेंद पर झपट्टा मारा, जब नवनीत कौर का पास इंटरसेप्ट किया गया, और तेज़ी से हाफ-टर्न लेकर उसे नेट में डाल दिया, जिससे भारत का स्कोर 4-0 हो गया।

भारत की रक्षा अभेद्य थी, जिसने किसी भी जवाबी हमले को रोक दिया, जबकि सलीमा और नेहा ने मिडफील्ड पर दबदबा बनाया, और लगातार शूटिंग सर्कल में टीम के साथियों को ढूंढा। पहले हाफ के आखिरी मिनट में भारत ने एक और पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। नज़दीकी शॉट्स और बचाव के अराजक क्रम के बाद, ब्यूटी डुंगडुंग ने गेंद को गोल में पहुंचाया, और भारत के लिए पहला हाफ शानदार रहा।

तीसरे क्वार्टर में थाईलैंड को अपने ही हाफ में वापस जाना पड़ा, क्योंकि अथक भारतीय फ़ॉरवर्ड लाइन ने लगातार पिच के ऊपर से गेंद को जीतते हुए गोल में सिराया यिमक्राजंग को खतरा पैदा किया। क्वार्टर में पांच मिनट बचे थे, भारत ने वैष्णवी के ज़रिए जवाबी हमला किया, जिसने प्रीति को थाईलैंड की रक्षा पंक्ति से आगे भागते हुए पाया। प्रीति ने आगे बढ़ते हुए गोलकीपर को चकमा देकर खाली गोल में गेंद डाली, अपना दूसरा गोल किया और भारत के लिए स्कोर 6-0 कर दिया।

# कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

## कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कर हैण्डओवर के पहले विभिन्न मुद्दों के निराकरण के दिए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में क्रियान्वित कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर उपस्थित जल संसाधन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित हाउसिंग बोर्ड एवं अन्य निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्यों की समय-सीमा में पूर्णता व किसी भी समस्या अथवा अवरोध के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। भू-अर्जन मामलों में समय-समय पर वस्तुस्थिति व प्रगति से अवगत कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने निर्माणाधीन व प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा के दौरान वन एवं राजस्व विभाग संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए अनिवंब अवगत कराने के लिए कहा। जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान विभागीय परियोजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा मझगांय परियोजना के शेष मुआवजा राशि वितरण कार्य को इस सप्ताह पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विभाग के कार्यपालन यंत्री सतीश शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि रूंझ परियोजना में सभी प्रभावितों को मुआवजा राशि का वितरण किया जा चुका है। अब यहां निर्बाध रूप से शेष कार्य पूर्ण कराए जाएंगे। उन्होंने विभाग अंतर्गत जिले में क्रियान्वित अन्य सूक्ष्म एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की जानकारी दी। कलेक्टर श्री कुमार ने संबंधितों को पुनर्वास पैकेज का यथाशीघ्र भुगतान कर सहमति के आधार पर अन्य स्थानों पर जमीन आवंटन संबंधी मुद्दों से अवगत कराने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग संबंधी कठिनाईयों को दूर करने के लिए भी निर्देशित किया।

### हनुमान भाटा पहुंच मार्ग का पुन: कराएं सर्वे

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान कार्यपालन यंत्री को सड़क निर्माण के दृष्टिगत अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन कर अतिक्रमण हटवाने और लंबित भू अर्जन मामलों के शीघ्र निराकरण की कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही भी करें। समयावधि में निर्माण कार्यों की पूर्णता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने पवई क्षेत्र के हनुमान भाटा के लिए कम दूरी के पहुंच मार्ग निर्माण के लिए उपयोगितानुसार पूर्व के प्रस्ताव को संशोधित करने तथा व्यवहारिक रूप से उपयुक्तता के आधार पर पुन: सर्वे के निर्देश दिए। इसी तरह कार्यपालन यंत्री भवन को विभिन्न विभागों की संस्थाओं व भवन निर्माण के दौरान कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कर हैण्डओवर के पहले विभिन्न मुद्दों के निराकरण के निर्देश दिए। पीएचई एवं जल निगम की एकल व समूह नल जल योजनाओं के निर्माण कार्यों को भी समय पर पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि पर्यटन विकास निगम द्वारा बृहस्पति कुण्ड एवं सिद्धनाथ आश्रम में कराए गए विकास कार्य के संबंध में भविष्य में इनके प्रबंधन के लिए आवश्यक बैठक कर लें। साथ ही जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की इस माह बैठक आयोजित कर सुविधाओं के संचालन संबंधी एजेण्डा पर अनिवार्य रूप से चर्चा कर ली जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# श्री खाटू श्याम का जन्मोत्सव, भव्य रात्रि जागरण का आयोजन



**पन्ना।** श्री खाटू श्याम जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रात्रि 8 बजे कालू टेंट हाउस के सामने, चांदनी चौक देवेंद्रनगर में भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में इटारसी के प्रसिद्ध भजन गायक कनक मय्य और रोशनी चांदवानी ने अपनी मनमोहक भजनों से श्रद्धालुओं का दिल जीता। श्याम परिवार देवेंद्रनगर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों धर्मप्रेमी उपस्थित हुए और भजनों की सुंदर धारा में भावविभोर हो गए। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव पर आशीर्वाद प्राप्त किया और धर्मलाभ उठाया। कार्यक्रम की सफलता पर आयोजकों ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और आगामी आयोजनों में भी इसी तरह की भागीदारी की कामना की।

# पीड़िता की अश्लील फोटो एवं वीडियो वायरल करने के मामले मे फरार 03 अन्य आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रनेज छतरपुर ललित शाक्यवार व पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धरमपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा पीड़िता का अश्लील फोटो/वीडियो वायरल करने के मामले मे फरार 03 अन्य आरोपियो गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 04/11/24 को फरियादिया द्वारा थाना धरमपुर में रिपोर्ट की गई कि गाँव के एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल के माध्यम से मेरी अश्लील फोटो/ वीडियो बनाकर गाँव में वायरल करने की धमकी देकर मेरे साथ बालात्कार किया है एवं कुछ व्यक्तियो के द्वारा मेरा आपत्तिजनक फोटो/वीडियो वायरल किया जा रहा है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना धरमपुर में उक्त आरोपियो के विरूद्ध अप.क्र. 311/24 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुये मामले के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किये जाने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर द्वारा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम के साथ मिलकर आरोपी की तलाश पतारसी हेतु प्रयास किये गये। मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। साथ ही पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मामले के मुख्य आरोपी को दिनांक 06/11/24 को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजने की कार्यवाही की गई थी साथ हि फोटो/वीडियो वायरल करने के मामले मे संलिप्त फरार 03 अन्य आपोरियो की तलाश जारी थी जिनको आज दिनांक 13.11.24 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरी. बखत सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर, चौकी प्रभारी खोरा विक्रम सिंह, प्र.आर. जीतेन्द्र मिश्रा, शिवचरण, वरूण, अजीत एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से प्र.आर. राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह राजावत एवं आर. राहुल पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।

# कलेक्टर ने जरूआपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत मंगलवार को उप स्वास्थ्य केन्द्र जरूआपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन से विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी लेकर जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनसीडी प्रोग्राम, आयुष्मान कार्ड इत्यादि के संबंध में पात्र लोगों को समय सीमा में लाभ प्रदान कर वांछित लक्ष्यपूर्ति के निर्देश दिए। इस दौरान 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की समीक्षा भी की। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान भारत सरकार की दो सदस्यीय टीम द्वारा भी विभिन्न मानकों के आधार पर स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया। जिला कलेक्टर ने टीम के सदस्यों से आवश्यक चर्चा की। साथ ही ग्राम पंचायत जरधोबा एवं बड़ौर पहुंचकर जनसुनवाई कार्यक्रम का निरीक्षण भी किया।

# पुलिस ने बृजपुर थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिक बालिका को किया दस्तयाब

## अपहृता के परिजनो द्वारा बालिका के सकुशल घर वापस लौटने पर पुलिस टीम को दिया धन्यवाद




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों को अपहृत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना/चौकी स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना बृजपुर के अप.क्र. 203/24 धारा 137(2) बी एन एस में अपहृत नाबालिक बालिका को बृजपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 11/11/24 को दस्तयाब किया गया है। मामले में फरियादी द्वारा थाना बृजपुर में रिपोर्ट की गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति फरियादी की लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बृजपुर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपहरण का अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया था। मामले में थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालिका की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप आज दिनांक 11/11/24 को मुखबिर सूचना के आधार पर मामले की अपहृता को कस्बा बृजपुर से दस्तयाब किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सराहनीय बृजपुर उनि भानु प्रताप सिंह, सउनि प्यार खान, प्र.आर. प्रदीप हरदेनिया, कमलेश एवं महिला आर. संतोषी सोनी का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम द्वारा किये गये कार्य की प्रशंसा की गई है।

# हरदुआ ग्राम में दिन दहाड़े मुख्य मार्ग पर युवक की हत्या

**पन्ना।** कोतवाली थाना अन्तर्गत पन्ना पहाडी खेड़ा रोड़ पर स्थित लक्ष्मीपुर ग्राम के पास हरदुआ निवासी सोनू उर्फ सुरेन्द्र बाजपेयी उम्र लगभग 32 वर्ष की अज्ञात हत्यारों द्वारा दिन दहाड़े दिन मे दस बजे हत्या कर दी गई तथा म्रतक के शव कों मुख्य मार्ग पर बीच सड़क पर डाल दिया गया तथा आरोपी फरार हो गयें। जानकारी के अनुसार म्रतक के चाचा नें बताया कि सुरेन्द्र उर्फ सोनू ट्रैक्टर लेकर पाईप एवं अन्य सामान्य लादकर लक्ष्मीपुर फार्म हाउस के पास खेती का कार्य करने के लिए सुबह नौ बजे घर से निकला था, तथा वह खेत पर कार्य कर रहा था, उसके बाद एक घंटे बाद सूचना प्राप्त हुई कि सोनू की हत्या कर दी गई है तथा उसका शव लक्ष्मीपुर के पास बीच सड़क पर पड़ा हुआ है, वहीं सड़क के नीचे खेत में ट्रैक्टर भी खड़ा है। जानकारी मिलने पर लोग एकत्रित हो गये तथा परिवारजन भी घटना स्थल पंहुच गयें एवं पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली थाना प्रभारी रोहित मिश्रा तथा एसडीओंपी एसपी सिंह बघेल पुलिस बल के साथ घटना स्थल पंहुचे तथा मौका मुआयना किया गया। म्रतक सोनू का शव बीच सड़क पर पड़ा हुआ था। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की गई तथा पंचनामा तैयार कराकर शव पीएम के लिए लाया गया।

# पवई बीईओ के गैर जिम्मेदाराना रवैए के चलते अतिथि शिक्षकों का दो महीने का लटका मानदेय

## आये दिन कार्यालय से नदारद रहते हैं विकासखंड शिक्षा अधिकारी



**पवई।** पवई विकासखंड में अधिकारियों की लापरवाही तो जग जाहिर है, लेकिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। बता दें कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी एच एस यादव आए दिन कार्यालय से नदारद रहते हैं, इसके अलावा 5 दिन खुलने वाले कार्यालय के लिए शासन द्वारा निर्धारित समय पर कभी भी कार्यालय नहीं पहुंचते, वे 12 बजे के बाद ही पहुंचते हैं। इनके इसी रवैया के कारण मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश डॉ मोहन यादव के द्वारा दीपावली पर्व जारी किए गए आदेश का पालन भी नहीं हो पाया है। बता दें कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं अतिथि शिक्षकों को अक्टूबर तक का मानदेय दीपावली के पूर्व यानि 28 अक्टूबर को दिए जाने की बात कही थी, लेकिन शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अतिथि शिक्षकों को केवल एक माह का वेतन धनतेरस के बाद मिला,उसके बाद दो महीने का वेतन आज तक नहीं मिल पाया है। जबकि लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा अतिथि शिक्षकों के अगस्त,सितंबर और अक्टूबर माह के भुगतान के लिए 3 महीने का बजट जारी भी कर दिया गया था,जब इस मामले में संबंधित संकुल बाबू से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा बिल बना दिए गए थे,लेकिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के गैर जिम्मेदाराना रवैए ओर कार्यालय न आने की वजह से उनके हस्ताक्षर न होने की वजह से बिल आगे नहीं गए हैं,जिसकी वजह से भुगतान नहीं हो पाया है। अब देखना यह होगा कि आखिर कब विद्यालय के शिक्षकों को 2 महीने का भुगतान हो पाएगा। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा कुछ संकुलों की मानदेय दीपावली के पूर्व ही जारी कर दिया गया था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी का यह दोहरा रवैया समझ से परे है।

# नगर पालिका के लापरवाह कर्मचारियों पर सीएमओं ने की कार्यवाही


## कम्प्यूटर आपरेटर की सेवा समाप्त, शाखा प्रभारी की वेतन बृद्धि रोकी



**पन्ना।** पन्ना नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढपालें नें नगर पालिका के लापरवार कर्मचारीयों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की है। जिसमें कम्प्यूटर आपरेटर रज्जन पटेल की सेवा समाप्ती की कार्यवाही की गई है तथा श्रम शाखा प्रभारी बृजेन्द्र यादव की असंचय प्रभाव सें एक वेतन बृद्धि रोकनें की कार्यवाही की गई है। ज्ञात हो कि नगर पालिका में हितग्राही पन्नी बाई कुशवाहा का संबल योजना के तहत आवेदन लगा हुआ था, तथा संपूर्ण दस्तावेज भी सम्मिलत थें। उक्त महिला मूक, बधिर एवं बेवा महिला है, उसके बावजूद उक्त कर्मचारीयों द्वारा संबंधित महिला को शासन की योजना का लाभ नहीं दिलाया गया तथा आवेदन निरस्त कर दिया गया था। जिसके संबंध में पीड़ित द्वारा एस डी एम कार्यालय में अपील प्रस्तुत की गई थी, तथा जिला कलेक्टर को आवेदन देकर कार्यवाही करने की मांग की गई थी। संबंधित मामले को कलेक्टर नें गंभीरता से लेते हुए आवेदिका को लाभ दिलाने की कार्यवाही की गई है तथा लापरवाही बरतने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पांच सौ रूपये का जुर्माना लगाया गया था। जिसको लेकर नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पालें ने अधिनस्थ कर्मचारी की लापरवाही देखते हुए तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा है।

# जरगवां उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का हो रहा घटिया निर्माण

## स्थानीय लोगो नें तहसीलदार को सौपा ज्ञापन



**पन्ना।** रैपुरा तहसील अन्तर्गत ग्राम जरगवां में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें घटिया तथा अमानक मटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों नें विरोध किया है तथा भवन निर्माण को लेकर की जा रही अनिमित्ताओं के संबंध में तहसीलदार रैपुरा को ज्ञापन सौपा है। ग्रामीणों का कहना है कि बड़ी मुश्किल सें ग्रामीण क्षेत्र में उप स्वास्थ केन्द्र का भवन बन रहा है, उसमें भी ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री लगाई जा रहीं है। जिससे उक्त भवन जल्द ही बन कर धराशाई हो जायेगा। इस लिए हम लोग उक्त कार्य निर्माण का विरोध कर रहें है। क्योकि शुरूआती समय से ही घटिया एवं अमानक मटेरियल प्रयोग किया जा रहा है। मानक के अनुसार संबंधित भवन में कार्य नहीं किया जा रहा है। भवन का वेस ही कमजोर तैयार किया जा रहा है। इस लिए उक्त भवन उच्च गुणवत्ता एवं अच्छे मटेरियल से बनाया जायें जिससे उक्त भवन अधिक वर्षो तक चल सकें। स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सें संबंधित भवन निर्माण कार्य की जांच कराये जाने तथा दोषीयों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# हीरा नीलामी 4 दिसम्बर से

**पन्ना।** पन्ना जिले की उथली हीरा खदानों से प्राप्त हीरों की नीलामी आगामी 4 दिसम्बर से प्रारंभ होगी। हीरों का घोष विक्रय हीरा अधिकारी कार्यालय, संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन पन्ना में प्रतिदिन हीरों की नीलामी तक जारी रहेगा। सुबह 9 से 11 बजे तक हीरों के निरीक्षण उपरांत बोली की जाएगी। नीलामी में उज्ज्वल, मैले एवं औद्योगिक किस्म के लगभग 78 हीरे रखे जाएंगे। इनका कुल वजन लगभग 221.07 कैरेट तथा अनुमानित कीमत लगभग 3 करोड़ 53 लाख 27 हजार 186 रूपए है। इसके अलावा कुछ सेंट से कुछ कैरेट वजन वाले कई छोटे बड़े किस्म के हीरों की नीलामी भी होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी दूरभाष क्रमांक 07732-252017 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# अवैध रूप से गांजा का परिवहन करने वाले आरोपियों को 12 वर्ष का कठोर कारावास

**पन्ना।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 06.08.2021 को निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने थाना पवई में इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख किया कि दिनांक 06.08.2021 को थाना पर मुखबिर द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा को सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार से अवैध परिवहन करने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। जिसे रोजनामचा सांन्हा क्रमांक 020 पर दर्ज कर मुखबिर की सूचना का पंचनामा तैयार किया गया। हमराही पुलिस बल मय विवेचना किट एवं तराजू के प्राइवेट वाहन जीप से मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु चांदा घाटी के नीचे गउ सदन के पास शाहनगर कटनी रोड पर साक्षियों के साथ सफेद रंग की स्विफट डिजायर वाहन क्रमांक-सी.जी. 04 एच.बी.-5363 की तलाश करते पहुंचे जो उक्त वाहन चांदा घाटी के नीचे मेन रोड से गउ सदन की तरफ आते दिखा जिसे समक्ष स्टाफ एवं गवाहान के साथ उक्त वाहन को रोका गया जो उक्त वाहन सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक-सी.जी.04 एच.बी.5363 होने तथा उसमें मुखबिर के बताये अनुसार हुलिया के उक्त वाहन चालक एवं अन्य एक व्यक्ति बैठे मिलने पर उनका नाम पता पूछा गया जो चालक ने अपना नाम ओमप्रकाश अनुरागी पिता मैयादीन अनुरागी उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बारीगढ थाना जुझारनगर जिला छतरुपर तथा उक्त वाहन में पीछे की सीट पर बैठा एक व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम नाथूराम पटेल उर्फ नत्थू पटेल पिता भाउ प्रताप पटेल जाति कुर्मी पता जरेला पुरवा पोस्ट हानूखेडा थाना गौरिहार जिला छतरपुर म.प्र. बताया। उपरोक्त दोनों संदेहियों की जामा तलाशी ली गई तथा उपरोक्त संदेहियों द्वारा उपयोग की जा रही स्विफ्ट डिजायर कार में पीछे की सीट और डिग्गी के बीच एक लोहे की प्लेट लगे होना तथा उक्त जगह पर मादक पदार्थ गांजा की पॉलीथीन में रखे विधिवत् बंद पैकेट दिखाई दिये। उक्त स्विफ्ट कार में कुल 45 बडे पैकेट एवं 07 छोटे पैकेट प्लास्टिक की पॉलीथीन में टेप से विधिवत् बंद हालत में मिले, जिन्हे उपरोक्त मौके पर समक्ष गवाहान उक्त पैकेटों को खुलवाकर देखा जो मादक पदार्थ गांजा होने की पुष्टि हुई उक्त मादक पदार्थ मसलकर, सूंघकर, जलाकर दिखाया एवं बताया गया जिनके द्वारा भी उपरोक्त पदार्थ को मादक पदार्थ गांजा होना बताया गया। उपरोक्त संपूर्ण समरस मादक पदार्थ का साक्षीगणों के समक्ष तौल कराई जाकर तोल पंचनामा तैयार किया गया जो संपूर्ण मादक पदार्थ गांजा 48 किलो 590 ग्राम कीमती करीबन 9,71,800/- रूपये का पाया गया उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही उपरांत थाना पवई में अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध अंतर्गत धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबद्ध किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत अभियुक्तगण नाथूराम पटेल एवं ओमप्रकाश अनुरागी के विरूद्ध अभियोग पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए सुनील कुमार द्विवेदी अपर जिला लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगण का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपीगण 1. नाथूराम उर्फ नत्थू पटेल 2. ओमप्रकाश अनुरागी को धारा-8/20(बी)(पप)(सी) एनडीपीएस एक्ट में 12-12 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1,25,000 रूपए-1,25,000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 16 नवम्बर 2024 | 8


शासन के निर्देशों के अनुसार 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक राजस्व महाअभियान-3 चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में राजस्व महाअभियान का आज शुभारंभ हुआ।



# कलेक्टर ने बाल संम्प्रेक्षण गृह का किया आकस्मिक निरीक्षण

## व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के दिये निर्देश



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बाल संम्प्रेक्षण गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा सुरक्षा सहित अन्य सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बाउंड्रीबाल की ऊचाई 8 फिट करने तथा उसके ऊपर कटीली तार लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाहर की तरफ खुलने वाले रोशनदान बंद कर इन्हें भवन के अंदर बरामदे में खोले। कलेक्टर ने बाल संम्प्रेक्षण गृह में बच्चों के शयन कक्ष तथा किचेन का अवलोकन किया तथा व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक अतिरिक्त रसोईये की तत्काल नियुक्ति करें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रभारी बाल संम्प्रेक्षण गृह को निर्देशित किया कि बच्चों के लिए इनडोर खेल-कूद की व्यवस्थायें करायें। उन्होंने जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि खेल-कूद की आवश्यक सामग्री तत्काल उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के कौशल प्रशिक्षण के लिए टूल किट व अन्य जरूरी उपकरण क्रय करें ताकि आईटीआई के समन्वय से आगामी सोमवार से प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुरू कराया जा सके और रूचि के अनुरूप बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। उन्होंने निर्देश दिये कि रोस्टर बनाकर सप्ताह में चार दिन गायत्री परिवार, नशामुक्ति एवं ब्राम्हकुमारी संस्थान के सहयोग से ध्यानयोग के सत्र आयोजित किये जाय। उन्होंने कहा कि बाल संम्प्रेक्षण गृह में नियमित गतिविधियों का संचालन होता रहे। बच्चों के लिए खेल-कूद व उनकी रूचि के अनुरूप अन्य गतिविधियाँ संचालित की जाय। कलेक्टर ने बाल संम्प्रेक्षण गृह में सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस/होमगार्ड के जवान नियुक्त करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान बाल संम्प्रेक्षण गृह के बच्चों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ने, खेलने तथा अन्य गतिविधियों की रूचि के बारे में भी जानकारी ली तथा अच्छा नागरिक बनने की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी, जिला होमगार्ड अधिकारी सहित पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वन भूमि के लंबित व भूमि विवाद प्रकरणों की समीक्षा बैठक 18 नवम्बर को

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में वन भूमि के लंबित व भूमि विवाद के प्रकरणों की समीक्षा बैठक 18 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से आयोजित की गयी है। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संबंधितों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

## जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक 18 नवम्बर को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 18 नवम्बर को टीएल बैठक के उपरांत आयोजित की गयी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी ने संबंधितों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

# जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन संपन्न

रीवा



धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में बिहार में आयोजित समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ जनपद व ग्राम पंचायत स्तर पर वर्चुअल प्रसारण देखा व सुना गया।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का जीवन हमारे लिए मार्गदर्शक है। जनजातीय भाईयों ने अपनी प्राचीन संस्कृति व परंपरा को जीवित रखा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए सभी कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। योजनाओं का लाभ दिलाकर इन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। जनजातीय गौरव दिवस आज पूरे भारत वर्ष में मनाया जा रहा है जिसमें भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुण्डा को श्रद्धा पूर्वक याद किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर बालेन्दु पाण्डेय, क्षेत्र संयोजक रूचि तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि तथा जनजातीय समुदाय के व्यक्ति उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने जनजातीय समूह के लोगों में रक्तजनित विकारों के अनुसंधान, जाँच व चिकित्सकीय परीक्षण के लिये स्थापित केन्द्र का किया शुभारंभ



रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर गांधी स्मारक चिकित्सालय रीवा में जनजातीय समूह के लोगों में रक्तजनित विकारों के अनुसंधान, जांच व चिकित्सकीय परीक्षण के लिए स्थापित केन्द्र का शुभारंभ किया। प्रदेश का यह पहला शासकीय केन्द्र नागरिकों में विशेषकर जनजातीय समूह के लोगों में रक्तजनित वंशानुगत विकारों के संबंध में अध्ययन करेगा तथा उसमें नैदानिक चिकित्सकीय प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर स्थापित सेन्टर ऑफ एक्सिलेंस केन्द्र जनजातीय समुदाय के व्यक्तियों में रक्तजनित बीमारियों की जांच में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. एचपी सिंह, डॉ. यत्नेश त्रिपाठी, समाजसेवी राजेश पाण्डेय सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

## पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत सिंगरौली जिले में युवाओं के लिए अवसर

रीवा

पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत सिंगरौली जिले में युवाओं के लिए 777 अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। एनटीपीसी, एनसीएल, हिन्डाल्कों, पावरग्रिड, रिलायंस, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड आदि कंपनियों में 10वीं के लिए 7, आईटीआई के लिए 568, डिप्लोमा में 167 तथा स्नातक में 135 युवक-युवतियों को अवसर दिया जा रहा है। आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष होनी चाहिए तथा वह 10वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण हो जो पूर्ण कालिक शिक्षा व रोजगार में न हो। इंटर्नशिप की अवधि एक वर्ष है। स्टायपेंड के रूप में 5 हजार से 6 हजार रूपये अनुदान राशि दी जायेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी मोबाइल नंबर 7999081511 पर प्राप्त की जा सकती है। भारत सरकार की पीएम इंटर्नशिप वेबसाइट में पंजीयन कराकर युवा अवसर का लाभ ले सकता है।

## उप संचालक कृषि ने कृषकों को नरवाई न जलाने की दी हिदायत

**रीवा।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि यूपी बागरी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कृषकों को नरवाई न जलाने की हिदायत दी। ग्राम बीड़ा में कृषक साधू रजक द्वारा कटाई के उपरांत खेत में आग लगा दी गयी थी। उप संचालक कृषि द्वारा कृषक को आग न लगाने एवं उचित प्रबंधन की समझाइश दी गयी। उन्होंने समझाया की सुपर सीडर, रोटावेटर आदि से फसल अवशेष का प्रबंधन करें। इसी प्रकार बीड़ा ग्राम के हीकृषक आदर्श सिंह के खेत में फसल अवशेष पर मयंक कुमार कोल द्वारा आग लगायी जा रही थी। उप संचालक ने अनुशानात्मक कार्यवाही की समझाइश दी तथा भविष्य में आग न लगाने तथा फसल अवशेषों के प्रबंधन के बारे में बताया।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या के लिए तिरूपति से रवाना रथयात्रा पहुंची रीवा

### जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत



**रीवा।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में श्रीराम महायंत्र (108 किलो गोल्ड प्लेटेड) की स्थापना की जाएगी। इस महायंत्र को विशाल रथयात्रा द्वारा तिरूपति से अयोध्या पहुंचाया जा रहा है। तिरूपति से रवाना हुई रथयात्रा 15 नवम्बर को रीवा पहुंची। रथयात्रा का चोरहटा बायपास गुरूकुल स्कूल मोड़ में भव्य स्वागत किया गया। ढेकहा तिराहा, जयस्तंभ, स्टेच्यू चौराहा, अस्पताल चौराहा मार्ग में रथयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रथयात्रा का आज रीवा में विश्राम होगा। रथयात्रा 16 नवम्बर को प्रातः 10 बजे प्रयागराज के लिये प्रस्थान करेगी।

# राजस्व महाअभियान का हुआ शुभारंभ

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक राजस्व महाअभियान-3 चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में राजस्व महाअभियान का आज शुभारंभ हुआ। प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन किया गया। इस अभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार तथा नक्शा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना तथा अन्य राजस्व कार्यों के प्रकरणों का भी निराकरण होगा। अभियान के दौरान कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा एसडीएम राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करेंगे तथा निर्धारित सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान में जोड़ा गया है। राजस्व महाअभियान के प्रथम दिवस में ग्राम अमहा, ग्राम पंचायत बेला, ग्राम पंचायत सर, बावनगढ़, सूरा, ग्राम सकरवट, ग्राम पंचायत खाम्हा, ग्राम बौना-56, ग्राम टगहा, ग्राम पिपरी में सहित ग्रामों में बी-1 का वाचन किया गया। इसी क्रम में त्योंथर तहसील के ग्राम रायपुर में सीमांकन किया गया तथा तहसील मनगवां के ग्राम नदना में राजस्व दल द्वारा नक्शा तरमीम के लिए मौके पर निरीक्षण किया गया।

अभियान के दौरान नक्शा तरमीम के प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास किया जायेगा। साथ ही नक्शा तरमीम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के शेष प्रकरणों में आधार सीडिंग एवं स्वामित्व योजना में पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टे जारी करने की कार्यवाही भी किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## थाना बैकुंठपुर पुलिस द्वारा एक घर में दविश देकर 146 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक महिला को किया गिरफ्तार, दो आरोपी फरार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार लाल के मार्ग दर्शन में एसडीओपी उमेश प्रजापति के नेतृत्व में थाना प्रभारी बैकुण्ठपुर रीवा द्वारा मय पुलिस टीम के ब्राउन शुगर के साथ महिला को किया गिरफ्तार प्रकरण में दो आरोपी फरार है।

घटना का विरण-थाना प्रभारीबैकुंठपुर निरीक्षक विजय सिंह बघेल ने पुलिस टीम के साथ मिलकर मुखबिर से मिली सूचना के आधार परश्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय रीवा को अवगत कराते हुये,बैकुंठपुर नगर के वार्ड क्रमांक 5 में एक घर में दविश दी, जहाँ घर में तलाशी के दौरान पुलिस को ब्राउन शुगर (लगभग 146 ग्राम कीमती4,39,590/ ) सहित सफ़ेद रंग का पॉडर पुलिस ने बरामद कर आरोपियासोनमतिवारी पिता अशोक तिवारी उम्र- 19 निवासी वार्ड क्र. 5 थाना बैकुंठपुर गिरफ्तार कर मामले में ह्ष्ष्क्र एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, गिरफ्तार आरोपिया को पेश माननीय न्यायालय किया गया।

जब्त मसरूका -01. ब्राउन शुगर (लगभग 146 ग्राम कीमती4,39,590) 02. 172535 रुपये। गिरफ्तार आरोपिया-सोनम तिवारी पिता अशोक तिवारी उम्र- 19 निवासी वार्ड क्र. 5 थाना बैकुंठपुर रीवा। फरार आरोपी- 01.अशोक त्रिपाठी 02 शिवम तिवारी। महत्वपूर्ण भूमिका -थाना प्रभारीबैकुंठपुर निरीक्षक विजय सिंह बघेल, उप. निरी. ललन सिंह नेताम, प्र.आ.राममणि तिवारी, प्र0आर0 658 राजरूप साकेत,आर.अजय बागरी, आर. अंजार अंसारी, म.आर.रंजना त्रिपाठी शामिल रही।

## थाना समान पुलिस द्वारा अवैध नशीली कफ सिरफ की बिक्री करने वाले शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार




**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीवा शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी समान निरी. विकास कपीस एवं उनकी टीम व्दारा अवैध नशीली कफ सिरफ की बिक्री करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार।

घटना का विवरण -वरिष्ठ अधिकारियो व्दारा चलाये जा रहे है अवैध मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले आरोपियो की धर पकड कार्यवाही के दौरान थाना समान क्षेत्र मे अवैध नशीली कफ सिरफ बेचने वाले आरोपियो पर निगाह रखी जा रही थी इसी क्रम मे दिनांक 14.11.2024 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक लड़का अवैध नशीली कफ सिरप लिए हुये गड़रिया मोड से पठकन टोला तरफ पैदल जा रहा हैं, । मुखबिर की सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के अवगत कराया गया एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर पुलिस टीम तैयार कर मुखबिर के बताए स्थान गडरिया मोड के अन्दर पठकन टोला रोड पुलिया के पास पहुँचकर नाकाबंदी किया, तभी कुछ दूर पर गडरिया मोड तरफ से पठकन टोला रोड पुल के पास एक लडका दिखा जो पीठ में एक क्रीम रंग की बोरी लिया हुआ था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस स्टाफ एवं साक्षियों के व्दारा घेरा बन्दी कर बोरी लिए व्यक्ति को पकड़ा और उसका नाम पता पूँछा तो अपना नाम विजय पटेल उर्फ खुरखुंद पिता इन्द्रलाल पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी आरटीओ आफिस के पीछे रतहरा थाना समान जिला रीवा (म.प्र.) का होना बताया जिसके कब्जे वाले क्रीम रंग की बोरी में 35 शीशी वनरेक्स कम्पनी की 100 रुवाली नशीली कफ सिरप जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया । आरोपी विजय पटेल उर्फ खुरखुंद पिता इन्द्रलाल पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी आरटीओ आफिस के पीछे रतहरा थाना समान जिला रीवा (म.प्र.) को गिरफ्तार कर थाना समान मेअप.क्र.443/24 धारा 8,21,22 एन.डी.पी.एस. एक्ट 1985व 5,13 औषधि नियंत्रण अधिनियम 1949 का कायम कर अग्रिम विवेचना मे लिया जाकर आरोपिया को जे.आर.मेमाननीय न्यायालय पेश किया गया।आरोपी बहुत ही शातिर बदमाश है जिसके विरूद्ध थाना कोतवाली मे 14 अपराध दर्ज है, जिसके विरूद्ध पूर्व मे जिला बदर की कार्यवाही की गई थी जो वर्तमान मे प्रचलनशील नही है। आरोपी के संबंध मे साक्ष्य संकलन किया जा रहा है साथ ही अन्य घटनाओ की खुलने की संभावना है ।

जप्त मशरूका-(1) 35 शीशी कोडीन युक्त नशीली कप सीरप वनरेक्स नाम से WINGS Biotech कंपनी कीमती 5,950 रू।

गिरफ्तार आरोपी -विजय पटेल उर्फ खुरखुंद पिता इन्द्रलाल पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी आरटीओ आफिस के पीछे रतहरा थाना समान जिला रीवा (म.प्र.)

महत्वपूर्ण भूमिका-उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी समान निरी. विकास कपीस,उनि. मुन्नालाल, सउनि. तीरथ, आर 1137 रवि शंकर द्विवेदी, आर.716 कमलराज, आर.114 बाबूलाल, आर.807 दामोदर एवं अन्य स्टाफ की मगत्वपूर्ण भूमिका रही ।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833